विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 66 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 06 दिसम्बर 2023 डाक 07 दिसम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आप सांसद अशोक मित्तल, राघव चड्ढा, संदीप पाठक, सुशील गुप्ता और संजीव अरोड़ा ने विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**
होंडुरास में बड़ा सड़क हादसा यात्रियों से भरी बस नदी में गिरी, 12 लोगों की मौत



**खुला-पन्ना**
आत्मबल को मजबूत करे सिरदर्द के लिए नहीं खानी पड़ेगी दवाई....



## रायपुर में 8 दिसंबर को हो सकती है बीजेपी विधायक दल की बैठक



**रायपुर , 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रायपुर में बीजेपी विधायक दल की बैठक 8 दिसंबर को हो सकती है। बताया जा रहा है कि इसी दौरान विधायक दल का नेता भी चुना जाएगा। हालांकि नाम दिल्ली से तय होगा। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव फिलहाल दिल्ली में ही हैं। कुछ सूत्रों से मुझे यह जानकारी प्राप्त हुई है कि प्रदेश के कुछ अधिकारी महत्तवपूर्ण फ़ाइलों को बैक डेट अंकित कर स्वीकृत कर रहे हैं जोकि पूर्णतः अनुचित है। मैं ऐसे सभी अधिकारियों को बताना चाहता हूँ कि आप प्रशासनिक व्यवस्था के हिस्से हैं और जब तक प्रदेश में नई सरकार का गठन नहीं होता तब तक ऐसे किसी भी प्रकार के अनुचित कार्य करने से आप सभी को बचना चाहिए।

## 'मुझे कुछ नहीं चाहिए', संजय राउत ने उठाई उद्धव को पीएम फेस बनाने की मांग :नीतीश

**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**




हिंदी बेल्ट के राज्यों में भाजपा की जबरदस्त जीत के बाद विपक्ष दलों में हड़कंप की स्थिति है। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा और नरेंद्र मोदी का सामना करने के लिए बनाए गए INDIA गठबंधन की भी हालत खस्ता नजर आ रही है। नीतीश कुमार ने पटना में मीडिया से कहा कि बुखार के कारण मैं आज की बैठक में जाने में असमर्थ था। विरोधी मेरे बारे में अफवाहें फैला रहे हैं। मुझे कुछ नहीं चाहिए। मैं सिर्फ विपक्ष की एकता के लिए प्रयास कर रहा हूं। बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, मुझे नहीं लगता कि नीतीश कुमार अब मुख्यमंत्री बनने में भी सक्षम हैं। उन्होंने राज्य विधानसभा और विधान परिषद में जो टिप्पणी की, उससे उन्होंने अपनी सद्भावना खो दी है। वह प्रधानमंत्री तो क्या, मुख्यमंत्री बनने के भी लायक नहीं हैं। इश बीच, इंडिया ब्लॉक के पीएम चेहरे पर शिव सेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, बैठक में इस पर चर्चा होगी। वास्तव में एक चेहरा होना चाहिए। उद्धव ठाकरे एक हिंदूवादी, राष्ट्रवादी चेहरा हैं। एक ऐसा व्यक्ति पीएम फेस हो सकता है, जिसे सभी की स्वीकृति मिलती है। मैं बाहर कुछ भी नहीं कहना चाहता जिससे गठबंधन में कोई दरार पैदा हो।

## पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई से करा सकती है नई सरकार, केबिनेट बैठक में प्रस्ताव लाने की सुगबुगाहट




**रायपुर, 06 दिसम्बर ।**

छत्तीसगढ़ में पीएससी घोटाले की जांच CBI से कराने की चर्चा शुरू हो चुकी है। CGPSC भर्ती में उपजे विवादों के बाद भाजपा ने अपने घोषणा-पत्र में इसकी विस्तृत जांच का उल्लेख किया था। सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकार के गठन के बाद पहली केबिनेट की बैठक में ही यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। पीएससी की भर्ती में भाई-भतीजेवाद के साथ ही कांग्रेस के नजदीकी लोगों के चयन पर कई सवाल उठाएं गए थे। हाईकोर्ट ने वर्तमान में 13 अलग-अलग प्रकरणों पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। इस मामले पर पूर्व भाजपा मंत्री व वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की है। पूर्व भाजपा मंत्री व वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने कहा है कि अधिकारी और नेताओं के बेटे-बेटियों सहित रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी जैसे पद दिए गए। भर्ती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। पीएससी अध्यक्ष से लेकर कई नेताओं की भूमिका संदिग्ध हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में पीएससी को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता के तथ्यों की जांच होनी चाहिए।

## पुंछ-राजौरी नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा

## कार से टकरा कर पलटी मिनी बस, एक व्यक्ति की मौत और 17 लोग घायल

**राजौरी, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**



राजौरी में आज सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई तो वहीं, 17 लोग घायल हो गए हैं। दरअसल, ये दर्दनाक हादसा पुंछ-राजौरी राजमार्ग पर हुआ। हाईवे पर मंजाकोट से राजौरी आ रहा केंटर ( मिनी बस) पलट गई।बस के पलटने से कई लोगों को गंभीर चोट आई तो वहीं, एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, इस भीषण हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई तो वहीं, 17 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

पुंछ-राजौरी राजमार्ग के अंतर्गत ठंडी कस्सी राधा स्वामी ( राजौरी) भवन के समीप यह हादसा तब पेश आया जब सामने से एक कार से टकराकर मिनी बस ( केंटर) सड़क से लुढ़क गया। वहीं, इस हादसे में एक अन्य कार भी चपेट में आ गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और राहत-बचाव का कार्य जारी है।

## क्योंकि वो यहूदी थी, महिलाओं पर हुए जुल्म को लेकर अंतरराष्ट्रीय संगठनों की चुप्पी पर भड़के नेतन्याहू



**यरूशलम।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के आतंकियों द्वारा महिलाओं पर किए गए जुल्म पर चुप रहने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, महिला समूह और यूएन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इन संगठनों से सवाल भी किए। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, मैं महिला अधिकार संगठन से लेकर मानवाधिकार संगठनों से यह कहना चाहता हूं कि आपने इस्राइली महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म के बारे में सुना, लेकिन उस समय आप कहां थे। मैं उम्मीद कर रहा था कि विश्व स्तरीय नेता इस क्रूरता पर बात करेंगे। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने तेल अवीव में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि वह रिहा किए गए बंधकों और बंधक बनाए गए लोगों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने बताया, मैंने उनकी दिल दहला देने वाली कहानियां सुनी। मुझे दुष्कर्म की दर्दनाक कहानियां बताई गई।

नेतन्याहू ने आगे कहा कि लेकिन इन सब में महिला संगठन या अन्य संगठन की तरफ से एक शब्द भी नहीं कहा गया। उन्होंने इन संगठनों से सवाल किया, आप इस वजह से चुप हैं, क्योंकि वे यहूदी महिलाएं थी। नेतन्याहू ने बताया कि बंधकों को छुड़ाने का एकमात्र उपाय युद्ध ही है और जमीनी ऑपरेशन और मानवीय सहायता इसके समर्थन में है। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि जब जमीनी ऑपरेशन शुरू हुआ तो उन्हें विश्वास था की हमास पर दबाव ही बंधकों को रिहा कर सकती है। गाजा में इंधन की आपूर्ति करने पर गैलेंट ने कहा कि इसके बदले इस्राइल को भी मांग करने का पूरा अधिकार है।

## अनाज और मुर्गा-बकरे की लूट, नक्सलियों ने ग्रामीण के यहां वारदात को दिया अंजाम



**कवर्धा।** चिल्फी थाना क्षेत्र के गांवों में हथियारबंद नक्सलियों ने एक बार फिर आमद दी है। बहनाखोदरा गांव में एक ग्रामीण के घर रात में 10-11 हथियारबंद महिला-पुरुष नक्सली घुस आए और बंदूक की नोंक पर ग्रामीण को धमकाया। मारपीट कर नक्सलियों ने कहा कि पुलिस का साथ दिया तो अंजाम बुरा होगा। इसके बाद घर से अनाज व मुर्गा-बकरा लूटकर जंगल की ओर भाग निकले।पीड़ितों की शिकायत के बाद पुलिस ने पहले अपने स्तर पर घटना की तस्दीक की उसके बाद नक्सली राकेश ओढ़ी, समर, जरीना समेत 10-11 अन्य हथियारबंद व वर्दीधारी नक्सलियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 394, 506 और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत एफआईआर दर्ज किया है। एएसपी हरीश राठौर का कहना है कि हथियार की नोंक पर ग्रामीण को धमकाने वाले नक्सलियों पर नामजद अपराध दर्ज किया है। इसके साथ ही उस इलाके में सर्चिंग अभियान तेज कर नक्सलियों की तलाश की जा रही है और मामले की विवेचना जारी है।

## राजगढ़ में बोरवेल में गिरी 5 साल की बच्ची, बाहर निकालने के बाद भोपाल में इलाज के दौरान मौत



**राजगढ़, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राजगढ़ जिले के पीपल्या रसोड़ा गांव में मंगलवार को पांच साल की बच्ची खुले बोरवेल में गिर गई थी, जिसे रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। बच्ची को इलाज के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी लगने के बाद बाद बोड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। बालिका को आक्सीजन देने का प्रयास किया गया। इस दौरान बालिका की आवाज बोर के अंदर से सुनाई दे रही थी। घटना की जानकारी लगने पर एसडीईआरएफ की टीम, कलेक्टर, एसपी व विधायक भी मौके पर पहुंच गए थे। जानकारी के मुताबिक पटाड़िया धाकड़ गांव के रहने वाले रवि भिलाला की पांच वर्षीय बालिका अपने मामा-नाना के गांव पीपल्या रसोड़ा गई हुई थी।

यहां पर बालिका के नाना इंदर भिलाला के खेत पर बोरवेल है। कल देर शाम को खेलने के दौरान बालिका उस खुले बोरवेल में जा गिरी। इसके बाद घटना की जानकारी बोड़ा थाना पुलिस को दी।

## कमजोर पड़ा चक्रवाती तूफान मिचौंग आज इन राज्यों में बारिश के आसार

**चेन्नई, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**



चक्रवाती तूफान मिचौंग कमजोर पड़ गया है। हालांकि इसके कारण होने वाली भारी बारिश का खतरा अभी टला नहीं है। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के कई जिलों में अभी भी हालात बिगड़े हुए हैं। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार को भी कई राज्यों में बारिश की आशंका जताई है। इनमें तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के साथ ही छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और मध्य प्रदेश भी शामिल है। मौसम विभाग के मुताबिक, जैसे-जैसे यह सिस्टम उत्तर की ओर आगे बढ़ेगा, कई राज्यों में बारिश होने की संभावना है।

6 दिसंबर को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। तेलंगाना में भारी वर्षा होने की संभावना है और 6 दिसंबर को दक्षिण छत्तीसगढ़, दक्षिण तटीय और निकटवर्ती दक्षिण आंतरिक ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना के कारण ओडिशा के दक्षिणी जिले मंगलवार रात को अलर्ट पर थे।

## विधायक सुरेंद्र पटवा 57 करोड़ तो भूपेंद्र सिंह 23 करोड़ रुपये के देनदार

**भोपाल, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**



मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में विजेता उम्मीदवारों की आपराधिक और आर्थिक पृष्ठभूमि पर एक रिपोर्ट एडीआर (एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) ने तैयार की है। यह प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र के साथ जमा कराए गए शपथ पत्र में दी गई जानकारियों पर आधारित है। इसमें कई नेताओं ने विभिन्न बैंकों के बड़े देनदार होने का भी उल्लेख किया है। इसके अनुसार भाजपा विधायक सुरेंद्र पटवा 57 करोड़ रुपये तो भूपेंद्र सिंह 23 करोड़ रुपये के देनदार हैं। भाजपा विधायक सुरेंद्र पटवा की कुल संपत्ति 66 करोड़ रुपये हैं और उन पर 57 करोड़ रुपये की देनदारी है। वहीं खुरई से भाजपा विधायक और मंत्री भूपेंद्र सिंह की कुल संपत्ति 84 करोड़ रुपये है, उन पर 23 करोड़ रुपये की देनदारी है। महीदपुर से कांग्रेस के विजेता उम्मीदवार दिनेश जैन बोस के पास नौ करोड़ रुपये की संपत्ति है और वे 30 करोड़ रुपये के देनदार है।

भाजपा विधायक संजय पाठक की बिजनेस से अर्जित वार्षिक आय तीन करोड़ रुपये है। वहीं भूपेंद्र सिंह ने कृषि, दूध डेयरी, मैरिज गार्डन, होटल, आटोमोबाइल और पेट्रोल पंप से स्वयं पत्नी और आश्रित सहित चार करोड़ रुपये वार्षिक आय घोषित की है। इनमें स्वयं की आय 57 लाख रुपये बताई गई है। वहीं भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने दो करोड़ रुपये सालाना आय होने की घोषणा की है।

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या को लेकर राजपूत समुदाय में आक्रोश, जयपुर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात



**जयपुर, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मौत के बाद जयपुर में हड़कंप मच गया। शहर में भारी तादाद में पुलिस बल तैनात किए गए।सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के आवास पर उनसे मिलने के बहाने पहुंचे तीन बदमाशों ने उनपर 15 से ज्यादा गोलियां चलाई। उनके निधन पर राजपूत समुदाय में जबरदस्त आक्रोश पैदा हो चुका है। घटना के विरोध में राजपूत समाज ने आज राजस्थान बंद का आह्वान किया है। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या की न्यायिक जांच की मांग को लेकर बंद का आह्वान किया गया है। मंगलवार को जयपुर के कई इलाकों में राजपूत समुदाय के लोगों ने आक्रोश जाहिर किया है। मेट्रो मास अस्पताल के बाहर लोगों ने मंगलवार को प्रदर्शन किए। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को इसी अस्पताल में लाया गया था। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर बीजेपी नेता बालमुकुंद आचार्य ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, इस घटना के लिए अशोक गहलोत जिम्मेदार हैं। इस सरकार में राज्य में माफिया पनपा। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर बीजेपी नेता दीया कुमारी ने कल जो हुआ उससे मैं स्तब्ध हूं, मेरे पास शब्द नहीं हैं। ऐसी घटना किसी के साथ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने (सुखदेव सिंह) सुरक्षा मांगी थी और उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए थी। यह कांग्रेस सरकार की जिम्मेदारी थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया। मैं परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। लेकिन मैं यह भी कहना चाहूंगा कि ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं जयपुर, राजस्थान में। राजस्थान में गैंगवार के बारे में किसी ने नहीं सुना था। लेकिन कांग्रेस के पांच साल के शासन में ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं।

## मल्लिकार्जुन खरगे से तेलंगाना के मनोनीत सीएम रेवंत रेड्डी ने की मुलाकात

**दिल्ली।** तेलंगाना के मनोनीत मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। कांग्रेस ने रेवंत रेड्डी को तेलंगाना का नया मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान कर दिया है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष लोकप्रिय युवा चेहरा माने जाने वाले रेवंत रेड्डी ने सत्ता की बागडोर थामने की रेस में सूबे के पुराने पार्टी दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से राज्य कांग्रेस विधायक दल का नेता मनोनीत किए जाने के साथ ही तेलंगाना की नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। रेवंत गुरूवार सात दिसंबर को तेलंगाना में कांग्रेस की पहली सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## मायावती ने बीआर अंबेडकर की पुण्य तिथि पर उन्हें अर्पित की पुष्पांजलि



**लखनऊ, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

आज 6 दिसंबर को लखनऊ में अंबेडकर मेमोरियल पार्क में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बीआर अंबेडकर को उनकी 67 वीं पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिसे महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। उन्होंने पार्टी के संस्थापक कांशीराम को भी श्रद्धांजलि दी. विशेष रूप से, मायावती ने अपने राजनीतिक करियर में अक्सर बीआर अंबेडकर की विरासत का इस्तेमाल किया है और बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों में निहित है, जिसका अंबेडकर ने समर्थन किया था।

इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य सांसदों ने भी आज संसद परिसर में उनकी प्रतिमा पर संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले, अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'एक्स' पीएम ने लिखा, पूज्य बाबा साहेब भारतीय संविधान के निर्माता होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर समर्थक थे, जिन्होंने अपना जीवन शोषितों और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। वंचित। आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें मेरी सादर श्रद्धांजलि। 14 अप्रैल, 1891 को जन्मे बाबा साहेब अम्बेडकर एक भारतीय न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने दलितों के प्रति सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया और महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों का समर्थन किया। 6 दिसंबर, 1956 को उनका निधन हो गया।

## केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड के सीएजी ऑडिट का दिया आदेश

**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड में भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (कैग) ऑडिट का आदेश देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक, केजरीवाल ने जल बोर्ड के पिछले 15 साल के सीएजी ऑडिट का आदेश दिया है। यह आदेश बोर्ड में अनियमितताओं को लेकर उठ रहे सवालों के मद्देनजर आया है। सूत्र ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# जिले में होगा भ्रष्टाचार का खात्मा:लखन

## कटघोरा में अवैध अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर



### भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों ने पत्रकारों से की चर्चा

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद कोरबा विधायक ने पत्रकारों से कहा कि चुनाव के बाद क्षेत्र की सभी जनता उनके लिए समान है और विकास कार्य की गाथा बगैर भेदभाव के लिखी जाएगी। सभी ने समर्थन दिया। इस वजह से किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। जिले में भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाएगा इस मौके पर कटघोरा विधायक ने कहा कि कटघोरा को जिला बनाने का प्रयास करते हुए अतिक्रमणकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह ने कहा कि भाजपा के दो विधायक चुनाव में जीत दर्ज करने में सफल हुए हैं इसका श्रेय कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों को है। इसके बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए शहर विधायक लखन लाल देवांगन ने दोहराया कि चुनाव में जीत दर्ज हो चुकी है। अब उनका पूरा ध्यान शहर के विकास के लिए लगेगा, घोषणा पत्र में जा वायदे किए गए हैं उसका शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। मसलन राखड़, जाम की स्थिति, सड़को का निर्माण पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता ने धन बल को परास्त करते हुए जनबल का सहयोग किया। इसी तरह कांग्रेसियों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम की ओर भी ध्यान नहीं दिया इस वजह से विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र से उन्हें भरपूर समर्थन मिला जिसके लिए सभी का आभार है।

मंत्री बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका निर्णय हाईकमान द्वारा किया जाएगा। इसके पूर्व में कभी भी मेरे द्वारा किसी भी पद की मांग नहीं की गई। पार्टी ने खुद ही उन्हें महत्वपूर्ण कार्य सौंपा है। इस बार भी कुछ इसी तरह के महत्वपूर्ण पद मिलने की संभावना है। मौके पर उपस्थित कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भी कटघोरा क्षेत्र की जनता जर्नादन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कटघोरा शहर में काफी मात्रा में जमीन का अधिग्रहण हुआ है। इसे लेकर आगामी दिनों तोड़-फोड़ का अभियान चलाया जाएगा। इसी तरह क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के त्वरित निर्माण के लिए एसईसीएल के अधिकारियों से मुलाकात कर कार्य योजना बनायी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि कटघोरा को जिला बनाने की दिशा में पूरजोर प्रयास होगा। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर सहित वरिष्ठ भाजपा नेता जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, गोपाल मोदी, हितानंद अग्रवाल, नरेन्द्र देवांगन, प्रफुल्ल तिवारी, आरिफ खान सहित सहित सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रायपुर निगम की तर्ज पर कोरबा महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के संबंध में नेता प्रतिपक्ष ने जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व में ही इस संबंध में पता किया जा चुका है जिस पर निर्णय जिला प्रशासन द्वारा नहीं लिया गया है। वहीं दूसरी ओर महापौर के जाति प्रमाण पत्र को लेकर अंतिम निर्णय छानबिन समिति को लेना है। इसे लेकर भी दबाव बनाया जाएगा। कुल मिलाकर महापौर को हटाने को लेकर सभी तरह के मुहिम चलेगा।

# घर का सीलिंग गिरा,एसईसीएल कर्मी का परिवार बाल-बाल बचा



**कोरबा।** एसईसीएल के विभागीय आवासों की हालत काफी जर्जर है। गेवरा परियोजना में खगेंद्र प्रसाद नायक सीनियर सर्वेयर के पद पर पदस्थ है। उनके आवास क्रमांक एमडी 565 में कल दोपहर सीलिंग का बड़ा हिस्सा ऊपर से नीचे भरभरा कर आंगन में गिर गया। संयोग था कि उस समय आंगन में कोई नहीं था, नहीं तो गंभीर हादसा घटित हो जाता। कोल कर्मी के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, जो अक्सर आंगन में खेलते रहते थे। कोल कर्मी खगेंद्र प्रसाद नायक ने बताया कि एसईसीएल के सिविल विभाग को कई बार शिकायत कर चुके हैं, किंतु शिकायत के बाद कोई भी कंप्लेंट अटेंड करने नहीं आ रहे हैं। आज हादसे के बाद सिविल विभाग के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे। आए दिन कॉलोनी में छज्जा गिरने की घटनाएं घटित होती रहती है, किंतु शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं होना कोई नई बात नही है । लोगों ने कहा अधिकारी गंभीर हादसे के इंतजार करते हैं। उसके बाद फिर आकर खानापूर्ति करते है। छज्जा गिरने की घटना से पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है। बता दें कि डिसेंट हाउसिंग के तहत एसईसीएल प्रबंधन ने कर्मचारी आवासों के मरमत में करोड़ों रुपए खर्च किया है फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है।



## मंगसिर नवमी पर सतदेव मंदिर में मंगलपाठ आज

**कोरबा ।** श्री सतदेव मंदिर कोरबा में मॉ श्री राणीसती दादी जी का मंगसिर नवमीं उत्सव आज दिनॉक 06.12.2023 दिन बुधवार को धूमधाम से मनााया जायेगा। मंदिर में दादी जी का अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा, ज्योत जगाई जायेगी एवं मंदिर में दोपहर 3.00 बजे से सायं 7.00 बजे तक श्री राणीसती दादी चरित मानस का संगीतमय भव्य मंगलपाठ श्रीमती लीना अग्रवाल एंड पार्टी कोरबा के द्वारा किया जायेगा। इस हेतु मंदिर में पंजीयन प्रारम्भ है एवं इस मंगलपाठ में जो भी भक्त महिलॉए शामिल होना चाहती है वे अपना पंजीयन शीघ्र ही मंदिर में करवा सकती है।मंगलपाठ के समापन के पश्चात सायं 7.00 बजे भगवान को 56 भोग लगाया जायेगा तथा सायं 7.30 बजे महाआरती की जायेगी एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा।श्री सतदेव मंदिर परिवार ने समस्त दादी भक्तों से सविनय आग्रह किया है कि आज दिनॉक 6 दिसम्बर 2023 को मंगसिर नवमीं उत्सव पर आयोजित भव्य संगीतमय मंगलपाठ पर अधिक से अधिक की संख्या में सह परिवार मंदिर पधारकर उत्सव का पुण्य लाभ अर्जित करें।

## पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ वारंट जारी

**कोरबा।** कोरबा सहित विभन्न जिलों में पदस्थ रहे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी व रिटायर्ड संयुक्त संचालक आरएन हीराधर के खिलाफ एसीबी का चालान पेश होते ही स्पेशल कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए हीराधर ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई है। इस मामले की जांच में एसीबी की देरी को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई गई थी, जिसके बाद यह चालान जमा किया गया।

सन् 2021 में हीराधर के खिलाफ दस्तावेजों के साथ एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की गई थी कि उनके पास करोड़ों की संपत्ति है। यह संपत्ति उन्होंने बिलासपुर में जिला शिक्षा अधिकारी रहने के दौरान अर्जित की है। इसके बाद ब्यूरो ने छापा मारा। छापे में पाया गया कि उन्होंने अपनी आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है, जिसका कोई हिसाब नहीं है।एसीबी ने जांच में पाया था कि बिलासपुर की विजयापुरम कॉलोनी में उनकी पत्नी भुनेश्वरी के नाम पर 2500 वर्गफीट का प्लॉट है जिसमें दो मंजिला मकान है। जमीन की कीमत करीब 48 लाख रुपए और मकान करीब एक करोड़ का है। बिलासपुर के ही मोपका में बेटे रूबेल के नाम पर 50 लाख रुपए की 4820 वर्गफीट जमीन है। विजयापुरम् में ही बेटे राहुल के नाम पर 25 वर्गफीट भूखंड है। बिलासपुर के चांटीडीह में हीराधर के नाम पर 36 सौ वर्गफीट जमीन है, जिस पर तीन मंजिला मकान बना है। इसके अलावा कांकेर के चारामा में कई एकड़ कृषि भूमि बिलासपुर में पदस्थापना के दौरान खरीदे गई।

## गोंगपा के नवनिर्वाचित विधायक तुलेश्वर मरकाम को तौला गया लड्डुओं से

**कोरबा ।** गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम को अपने पिता की विरासत 20 वर्ष बाद मिली। वर्ष 1998 में पाली-तानाखार से गोंगपा सुप्रीमो हीरा सिंह मरकाम ने जीत हासिल की थी, इसके बाद पार्टी चुनाव नहीं जीत सकी। अब तुलेश्वर मरकाम यहां से प्रतिनिधित्व कर क्षेत्र में विकास कार्य कराएंगे। तानाखार से कटघोरा तक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा विजयी प्रत्याशी तुलेश्वर मरकाम के साथ विजयी जुलूस निकाला। कटघोरा में गोंगपा के जिलाध्यक्ष रफीक अहमद द्वारा अपने निवास पर नवनिर्वाचित विधायक तुलेश्वर मरकाम को लड्डुओं से तौला और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।



## आउट सोर्सिंग कंपनियों की मनमानी के विरोध मे भू-विस्थापितो ने किया प्रदर्शन

**कोरबा ।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने एसईसीएल में नियोजित आउट सोर्सिंग कंपनियों में व्याप्त मनमानी और स्थानीय बेरोजगारों के बजाय अन्यत्र के लोंगो की भर्ती पर रोक लगाते हुये खदान प्रभावितों को रोजगार की मांग करते हुए आज गेवरा खदान और मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जिसमें ओबी और कोयला परिवहन को रोकने की चेतावनी दिया है ।

आचार सहिंता से पूर्व ही हुए समझौते का पालन नही करने से आंदोलन का रास्ता अख्तियार करते हुए आज पुन: प्रदर्शन किया गया है और दो दिनों में बाहरी लोंगो को कंपनियों से बाहर करने और स्थानीय बेरोजगारों की भर्ती शुरू नही होने पर ओबी व कोयला परिवहन कार्य को रोकने की चेतावनी दी गयी है । उपरोक्त बातों की जानकारी सन्गठन के नेता रुद्र दास महंत , सन्तोष चौहान , संतोष दास महंत , प्रकाश कोर्राम ललित महिलांगे आदि ने दिया है ।

ऊर्जाधानी सन्गठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि कोयला खदान विस्तार के लिए झूठा आश्वसन देकर किसानों की जमीन हथिया लिया जाता है और रोजगार , मुआवजा और बसाहट की समस्या का निराकरण नही किया जाता । वहीं रोजगार की आस में भटकते भूविस्थापित और प्रभावित बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए बहानेबाजी किया जाता है । किंतु अब युवा बेरोजगारों को उनका हक दिलाने के लिए सन्गठन अपना आंदोलन को और तेज कर रही है । सन्गठन ने कहा है कि मकानों के मुआवजा और पुराने रोजगार के मामले को लेकर सन्गठन नई रणिनीति बनाकर आंदोलन का विस्तार किया जाएगा । प्रदर्शन के दौरान रामाधार यादव नरेंद्र कुमार देवेंद्र कुमार गुरुदत्त मेश्राम विनोद चौहान समारु दास रविदास दीपक दास अर्जुन दास राजन सिंह अशोक कुमार शंभू बेहरा ईश्वर सिंह देवनारायण साहू शैलेंद्र सिंह महावीर साहू नरेंद्र मानिकपुरी अश्वनी कुमार तिरिथराम फूलेन्द्र सिंह हरिहर साहू मोहनलाल यादव भरत लाल यादव नंदकुमार फुल दास प्यारेलाल प्रीतम दास प्रियांशु सोनी तिलक कुमार प्रमोद कुमार कश्यप रवि चंद्रा अमर दास जीवराखन यादव सहित अनेक भूविस्थापित बेरोजगार उपस्थित थे ।

## नहीं उठाया फोन तो कप्तान ने कर दिया लाईन अटैच



कोरबा। कोरबा एसपी का फोन नही उठाना टीआई को महंगा पड़ गया। एसपी ने टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। मामला कोरबा जिले के सिविल लाइन थाने का है। यहां के एसपी को टीआई ने लाइन अटैच किया है।एसपी की जानकारी के अनुसार कोरबा के सिविल लाइन थाने में निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय पदस्थ थे। उन्हें विभाग के काम से एसपी जितेंद्र शुक्ला ने फोन किया था। पर एसपी का फोन थाना प्रभारी ने नहीं उठाया। एसपी के फोन पर रिवर्स कॉल भी थानेदार ने नहीं किया। इसके बाद एसपी जितेंद्र शुक्ला ने थाना प्रभारी के लाइन हाजिरी के आदेश जारी कर दिए। इसके साथ ही उप निरीक्षक सुमन लाल पोया को थाना प्रभारी रामपुर का कार्य संपादन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## बच्चों के ज्ञान, लगन एवं अनुशासन का प्रतिफल है विद्यालयीन पत्रिका:गुप्ता



**कोरबा।** डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा के प्रांगण में द्विवार्षिकीय पत्रिका 'ड्यू' का हर्षोल्लास एवं धूमधाम से विमोचन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि आर.के. गुप्ता महाप्रबंधक संचालन एसईसीएल कोरबा क्षेत्र का विद्यालय के मुख्य द्वार पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा विद्यालय की प्राचार्या सहित डीएव्ही स्टाफ एवं बच्चों ने सामूहिक हवन कर विश्व शांति की कामना की।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में हवन उपरांत मुख्य अथिति, प्राचार्या, समस्त स्टाफ एवं बच्चों की उपस्तिथि में 'ड्यू' पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अतिथगणों का औपचारिक स्वागत पौधे प्रदान कर किया गया। तदुपरांत विद्यालय की प्राचार्या अनामिका भारती ने समस्त विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं को द्विवार्षिकीय पत्रिका 'ड्यू' की विमोचन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यालयीन पत्रिका बच्चों के ज्ञान, उनके लगन एवं अनुशासन का प्रतिफल है और विद्यार्थी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुख्य अतिथि आर.के. गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को लगन एवं मेहनत के साथ अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर होना चाहिए। विद्यार्थी जीवन ही लक्ष्य साधने की नींव होती है। इसके पश्चात विद्यालय के बाल कलाकार बच्चों द्वारा निर्मित कलाकृति मुख्य अतिथि को भेंट स्वरूप विद्यालय की प्राचार्या सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने भेंट की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष जय प्रकाश गौतम ने आगंतुक अतिथि के प्रति आभार प्रदर्शन किया। समारोह का संचालन विद्यालय की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष जी. सुलोचना रानी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पत्रिका प्रकाशन समिति के सदस्यों जेपी गौतम, जी सुलोचना रानी, मीनाक्षी तिवारी, घनश्याम तिवारी सहित विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## रूमगरा हवाई पट्टी का हुआ कायाकल्प, रनवे पर नहीं घुस सकेंगे जानवर



**कोरबा।** शहर के रूमगरा में स्थित हवाई पट्टी का लंबे समय बाद कायाकल्प हुआ है। हवाई पट्टी के अंदर रनवे पर कोई अनाधिकृत व्यक्ति या जानवर न पहुंचे इसके लिए चारों ओर कंटीले तार से फेंसिंग कराने के साथ ही ग्रीन नेट लगाया गया है। सुरक्षित तरीके से प्लेन की लैंडिंग व टैक ऑफ हो सके इसके लिए रनवे के आसपास साफ-सफाई कराकर अब नए सिरे से डामर की टायरिंग कराई गई है। आने वाले विजिटर के लिए बने रेस्ट रूम का भी रंगरोगन किया गया है। आसमान से कोरबा के हवाई पट्?टी होने का पता चल सके इसके लिए चबूतरा बनाकर लिखा गाया है, जिससे आसमान पर उड़ रहे विमान से शहर का पता चल सके। इस तरह कायाकल्प से हवाई पट्?टी की सुंदरता बढ़ गई है। हवाई पट्टी पर अभी बालको व शासन के प्लेन उतरते हैं लेकिन आने वाले दिनों में कर्मशियल उड़ान भी शुरू हो जाएगी।

80 के दशक में बिजली कंपनी के कोरबा पूर्व प्लांट के निर्माण के दौरान अधिकारियों व विदेशी इंजीनियरों की आवाजाही चार्टर प्लेन से होती थी। इसके लिए बिजली कंपनी ने बालको नगर के रूमगरा में कंपनी ने हवाई पट्टी बनाई थी। प्लांट बनने के बाद बिजली कंपनी को हवाई पट्टी की उपयोगिता नहीं रही। हवाई पट्?टी बदहाल हो गया था। करीब 2 दशक पहले जब बालको विनिवेश के बाद बालको प्लांट का विस्तार प्रोजेक्ट शुरू हुआ तो बालको प्रबंधन ने प्लेन उतारने के लिए हवाई पट्?टी का जिम्मा लेते हुए जीर्णोधार कर उपयोग शुरू किया।

हवाई पट्टी की के लिए पूर्व में किए गए फेंसिंग के नीचे से जंगली जानवर अंदर घुस जाते थे। बाद में असामाजिक तत्वों ने जगह-जगह फेंसिंग पोल तोड़ दिया था। जिससे मवेशी भी रनवे पर पहुंच जाते थे। रनवे के बीच से लोगों ने हवाई पट्टी के पास स्थित शराब दुकान आवाजाही के लिए शार्टकट रास्ता भी बना लिया गया था। रनवे पर बैठकर शराब पी पीते थे। अब नए सिरे से कंटीले तारों से फेंसिंग होने के बाद सुरक्षा कर्मियों द्वारा निगरानी बढ़ाई जा रही है।

रूमगरा हवाई पट्टी पर रनवे के एक दिशा में जहां प्लांटों की ऊंची चिमनिया है तो दूसरे दिशा की ओर पहाड़ स्थित है। ऐसे में कर्मशियल उड़ान के लिए रनवे की लंबाई बढ़ाने की आवश्यकता को देखते हुए राज्य शासन के निर्देश पर हवाई पट्टी का पिछले साल भौगोलिक सर्वे कराया था। निजी कंपनी के सर्वे के बाद तैयार रिपोर्ट पॉजीटिव रहा। जिसमें बताया गया कि बड़े विमान के भी लैंडिंग के साथ उड़ान भरने के लिए हवाई पट्टी का आगे पहाड़ की दिशा में विस्तार किया जा सकता है। चिमनी व पहाड़ से कोई खतरा नहीं है। जिससे निश्चित ही कर्मशियल उड़ान के लिए हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाई जा सकती है।एक दशक पहले राज्य सरकार ने प्रदेश के 5 शहरों से विमान सेवा (एयर टैक्सी) शुरू करने की योजना बनाई थी। जिसमें विमानन विभगा ने कोरबा के रूमगरा हवाई पट्टी को भी शामिल किया था। रायपुर से कोरबा का किराया भी तय हो गया था। सर्वे में विमान सेवा के लिए रनवे की लंबाई-चौड़ाई कम होना पाया गया। रनवे के विस्तार के लिए शासकीय राजस्व वन भूमि में बड़े झाड़ के जंगल बाधा बन गए, रनवे का विस्तार नहीं हो सका। प्रदेश के दूसरे शहरों में सेवा शुरू हो गई पर कोरबा में हवाई सेवा हवाहवाई साबित हुई। अब एक बार फिर से उम्मीद बंधी है।

## दो मंजिला इमारत में लगी आग



**कोरबा।** कोरबा अंचल के कोतवाली थाना क्षेत्र में श्याम मंदिर के पास एक मकान के दूसरे माले में भीषण आग लग गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना दमकल वाहन को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग फ्रिज के कंप्रेसर फटने की वजह से लगी है। मिली जानकारी के मुताबिक आशा देवी शर्मा अपने दो बेटा, बहू और उसके बच्चों के साथ निवास करती है। मंगलवार की शाम 6 बजे घर में लगभग आशा शर्मा और उसकी बहू और बच्चे मौजूद थे। दोनों बेटे किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक किचन पर रखे फ्रिज का कंप्रेसर फट गया और भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि कंप्रेसर फटने की आवाज इतनी जबरदस्त थी कि पूरा परिवार बाहर भाग खड़ा हुआ। लोगों ने आग की की सूचना 112 और दमकल वाहन को दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर नगर निगम, सीएसईबी, बालको समेत पांच दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया।

जिला अग्नि समन अधिकारी पी.बी. सिदार ने बताया कि नगर सेना की दमकल वाहन मौके पर पहुंची थी, आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल कोई जनहानि की खबर नहीं है। सभी लोग सुरक्षित हैं।

## पिकअप में जानवरों की तरह भरी जा रही सवारियां

**जांजगीर-चांपा।** मालवाहक वाहन में सवारी यानी हादसे को न्योता देना हैं। लगातार हादसे के बाद भी जांजगीर-चांपा जिले के लोगों की आंखें नहीं खुली है। सुबह से लेकर शाम तक ऐसे दर्जनों वाहनों को शहर के बीचों बीच गुजरते देखा जा सकता है। चौक-चौराहों में तैनात पुलिस के सफेदपोशो जवानी को ऐसे बाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाए आंख मूंदे बैठी रहती है। क्योंकि उन्हें कार्रवाई का अधिकार नहीं रहता। ऐसे वाहनों पर केवल टीआई या एसआई ही कार्रवाई कर सकते हैं। जिसके चलते ऐसे वाहन बेखौफ दौड़ते हैं। गरीबी के फेर में लोग सवारी बसें किराए में नहीं कर पाते। आखिरकार उन्हें ऐसे वाहन किराए में लेना पड़ता है और वे हादसे के शिकार हो जाते हैं। लगातार मौतों के बाद भी लोगों को समझ नहीं आ रही है। यातायात पुलिस हर रोज मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। खासकर इन दिनों मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर सख्ती बरती जा रही है। समन शुल्क के रूप में हर रोज 12 से 15 हजार रुपए समन शुल्क के रूप में वसूल किया जा रहा। वहीं गौर करने लायक बात यह है कि मालवाहन वाहनों में सवारी ढोने वाले वाहन यूंही छोड़े जा रहे हैं। बावजूद जिले के लोगों में समझ नाम की चीज नहीं है। सुबह से लेकर शाम तक दोपहिया वाहनों में तीन सवारी। बिना कागजात वाले वाहन चालकों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रहा। ऐसे वाहन चालकों के हर रोज अभियान छेड़ा जाता है। खासकर बेतरतीब पार्किंग को लेकर हर रोज सख्ती बरती जा रही है। बावजूद लोगों में समझ नहीं आ रही है। लोगों को जागरूक होना होगा। तभी हादसे में विराम लगना चाहिए।

**100-200 रुपए का खेल**

यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली पर हमेशा सवाल खड़ा होते रहता है। ऐसा नहीं है कि ऐसे वाहन यातायात पुलिस की नजर में नहीं पड़ते है। यातायात पुलिस ऐसे वाहनों को रोकती जरूर है, लेकिन 100-200 रुपए लेकर चलता कर देती है। इसके कारण आए दिन इस तरह की घटना होते रहती है। यदि ऐसे वाहनों पर कड़ी कार्रवाई हो तो नि:शंदेह लोगों में समझ आएगी। लोग पुलिसिया कार्रवाई से डरेंगे।

# माँ गंगा की झूठी कसम ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका: अंकित

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की बहुत बड़ी जीत को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश नेता अंकित अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए और छत्तीसगढ़ की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में राम राम राज्य आ गया है। सुशासन का कमल खिल गया है इसका सबसे बड़ा श्रेय छत्तीसगढ़ की जनता को मिलता है। जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रति अपना विश्वास दिखाया है और निश्चित ही भारतीय जनता पार्टी जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी ।

कांग्रेस की भूपेश सरकार को लेकर अंकित अग्रवाल ने कहा कि इन्होंने जो माँ गंगा का अपमान की उनकी झूठी क़सम खाई उसका ही यह फल है। पूरा भारत आज माँ गंगा को पवित्र मानता है । उनको पूजता है सनातन धर्म का जो अपमान किया वो आज तक नहीं बचा । छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म की जीत हुई है

सक्ती विधानसभा को लेकर अंकित अग्रवाल ने कहा कि हमे दुख है कि हम सक्ति विधानसभा जीत नहीं पाये। यहाँ के प्रत्याशी डाक्टर खिलावन साहू जी ने बहुत मेहनत की कार्यकर्ताओं ने भी अपनी पूरी ताक़त दिखाई लेकिन फिर भी निराशा हाथ लगी। इस पर भी हमारे पार्टी के वरिष्ठ जन बैठ कर समीक्षा करेंगे कि कहा पर चूक हुई। अंकित अग्रवाल ने कहा कि मैं मानता हूँ कि सक्ती विधानसभा की हार एक एक कार्यकर्ता की हार है।

भारतीय जनता पार्टी के अंकित अग्रवाल से जब पूछा गया कि आप अपना नेता किसे मानते है तो उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही मेरा नेता है संघठन ही सर्वोपरि है।

अंकित ने 2010 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपनी छात्र जीवन राजनीति की शुरुवात की थी। अग्रवाल ने विद्यार्थी परिषद में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उसके बाद सक्ती नगर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष रहते भूपेश सरकार के खिलाफ कई सारे आंदोलन धरना प्रदर्शन किया। उसके पार्टी ने उन्हें प्रदेश में स्थान दिया और लगातार अंकित अग्रवाल कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया देते रहते थे ।

## हथियार की नोक पर डीजल चोरी, आरोपी धरे गए



**बलौदा।** प्रार्थी चिमन लाल चाहर पिता रामेश्वर लाल हर उम्र 32 वर्ष जोरावरपुरा थाना हनुमानगढ़ जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) जी0आर0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट बलीया द्वारा थाना बलौदा उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था की दिनांक 07.07.2023 के रात्रि 08-09 बजे जीआर कंपनी में लगे गाडी एक्सावेटर मशीन से डीजल चोरी कर रहा था जो हम लोगो को देखकर भागने लगा जिसे पकड़ने दौड़ाये तो यह अपने पास रखे धारदार हथियार तलवार जैसा निकालकर हम लोगों को डराने लगा, कि रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अपराध 236/ 23 धारा 379, 511 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी सुरेंद्र दास निवासी खिसोरा थाना बलौदा के मेमोरेण्डम पर जुर्म करना स्वीकार करने तथा आरोपी को पेश करने पर नीले रंग के जरीकिन में भरा हुआ लगभग 25 लीटर चोरी का डीजल किमती 2500 रू एवं एक लोहे का पुराना धारदार तलवारनुमा कत्ता पेश करने पर गवाहों के समक्ष बरामद किया जाकर आरोपी को दिनांक 08.07.2023 को भेजा जा चुका है न्यायिक रिमांड पर। आरोपी कृष्णा लहरे उम्र 34 साल निवासी खिसोरा थाना बलौदा घटना घटित कर फरार था जिसकी लगातार बलौदा पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही थी, जिसको मुखबिर सूचना पर सकूनत से घेरा बंदी कर पकड़ा गया जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने साथियों के साथ डीजल चोरी करना स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 04.12.2023 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी घटना दिनांक से फरार है, जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही है, मिलने पर शीघ्र गिरफ्तारी कार्यवाही की जावेगा।

## आफत की वर्षा ने बढ़ाई किसानों की मुसीबत

**जांजगीर - चांपा।** अंचल में सोमवार की रात से झड़ी लगी रही। इसके बाद मंगलवार को भी रूक रूक कर वर्षा हुई। इसके चलते खेतों में कट चुकी धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं खड़ी फसलें भी कई जगह गिर गई हैं। इस बेमौसम वर्षा से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। अगर एक दो दिन और वर्षा हुई तो किसानों को बड़ा नुकसान होगा ।जिला मुख्यालय सहित अंचल में सुबह से हो रही बेमौसम वर्षा से जीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। सुबह से पूरे दिन रूक रूक वर्षा होती रही।

वर्षा होने से मौसम में ठंडकता घुल गई। सोमवार से क्षेत्र में काली घटा छाने से क्षेत्र में हल्की बूंदी बादी शुरू हुई। जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में भी वर्षा हुई। पूरे दिन हो रही वर्षा के चलते किसानों के माथे में चिंता की लकीरें दिखने लगी है। दिसंबर माह के पहले सप्ताह में सभी खेतों में धान की फसलें तैयार है। वहीं किसान कटाई में भी जुट गए थे मगर वर्षा होने के चलते खेतों में कटे हुए धान भीग गए। जबकि खड़ी फसल भी गिर गई। इसके चलते किसान चिंतित हैं। उन्हें फसल बर्बाद होने की चिंता सताने लगी है। लगातार हो रही वर्षा के चलते किसानों को हजारों रूपये का नुकसान होने का अनुमान है। इस संबंध में मेहंदा के किसान संदीप तिवारी का कहना है कि किसानों ने बड़ी मेहनत से धान की खेती की थी । अभी जिले में बड़ी मात्रा में फसल की कटाई बची है। इस बार नहर विलंब से बंद होने के कारण खेतों तक हार्वेस्टर नहीं पहुंच सका। ऐसे में किसान हाथ से फसल कटवा रहे हैं इसलिए समय लग रहा है। वर्षा के चलते फसल भीग गई, इसके चलते हजारों रूपए नुकसान का अनुमान है। इस बार पर्याप्त वर्षा के चलते फसल ठीक हुई है। ऊपर से इस वर्षा ने किसानों की कमर तोड़ दी है। मिसदा, खपराडीह, तुलसी में फसल तैयार होने के बाद फसल को काट कर करपा के रूप में खेत में रखा गया है। वर्षा से कटी फसल भीग गई है। वहीं खड़ी फसल भी गिरने की खबर है। इससे किसानों को पूरी मेहनत के बाद जब उपज लेने का दिन आया तब वर्षा ने तबाही मचा दी। लगातार अगर दो तीन दिन वर्षा हो गई तो किसानों को ज्यादा नुकसान होगा। मौसम विभाग का कहना है कि ने मिचौंग तूफान के चलते यह वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने इसका असर 7 दिसंबर तक रहने की बात कही है। बस्तर अंचल में इसका असर ज्यादा रहेगा ।

**वर्षा के चलते कीट प्रकोप की आशंका**

वर्षा के चलते खड़ी फसल में कीट प्रकोप बढ़ने की भी आशंका है। किसान वैसे भी भूरा माहो, काला माहो और पेनिकल माइट से परेशान थे। अब ठीक कटाई के समय वर्षा ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जिले में1 लाख 55 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगी है। लगभग 50 फीसदी फसल की कटाई हो गई है। इनमें से खेतों में रखी फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है। जबकि खरही के रूप में खलिहान में रखी फसल को अपेक्षाकृत कम नुकसान हुआ है।

## ओवरलोड कोयला परिवहन से बढ़ी लोगों की परेशानी

**बलौदा ।** कोयला परिवहन करने वाले वाहन बिना तिरपाल ढके फर्राटे भर रहे हैं। जिसके चलते सड़क में कोयला का चूरा गिरकर धूल में तब्दील हो जाती है और इनके उड़ने से लोग परेशान हैं । कोलवाशरी के वाहन नियमों को दरकिनार कर सड़क पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। इससे दुर्घटना भी बढ़ी है ।बलौदा क्षेत्र में चार कोलवाशरी संचालित है । जहां से कोयला सड़क मार्ग से रेलवे साइडिंग नैला , अकलतरा, गतौरा में ट्रेलर से परिवहन किया जाता है। इन ट्रेलरों से कोयला को बिना तिरपाल ढके व पानी का छिड़काव किये बिना परिवहन किया जाता है।

वहीं इन वाहनों में ट्राली से ऊपर कोयला को लोड किया जाता है। जिसके चलते सड़क पर कोयले का चूरा गिरता है । जो छोटे छोटे कण के बाद धूल में तब्दील होकर हवा में उड़ती है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । उड़ने वाली धूल से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है ।

## संगम को नैला, सत्यम को सारागांव का प्रभार

**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा चुनाव निपटने के बाद एसपी विजय अग्रवाल ने थाना प्रभारियों के काम काज की समीक्षा करते हुए उनके प्रभार में बदलाव किया है। जहां के प्रभारियों का काम काज ठीक नहीं था उन्हें लाइन में भेज दिया है। वहीं कई ऐसे पुलिसकर्मी थे जिनका काम काज ठीक नहीं था उन्हें भी लाइन अटैच किया है। सबसे पहले प्रशिक्षु डीएसपी एवं बिर्रा के थाना प्रभारी संगम राम को नैला चौकी का प्रभार दिया गया है। बिर्रा में पूर्व की तरह एसआई कृष्णपाल सिंह यथावत जमे रहेंगे। वहीं यातायात शाखा के मणीकांत पाडेय को बम्हनीडीह थाना प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक सुरेंद्र बघेल को यातायात शाखा में पदस्थ किया गया है। नैला चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सत्यम चौहान को सारागांव थाने का प्रभार सौंपा गया है। तथा अकलतरा के सब इंस्पेक्टर लालन पटेल को यातायात में पदस्थ किया है। इसी तरह चांपा थाने में पदस्थ एएसआई रामप्रसाद बघेल को पुलिस लाइन में अटैच किया है। सारागांव में एक सप्ताह भी ठीक ढंग से काम नहीं करने वाले नवागढ़ थाना प्रभारी कमलेश शेंडे भी इन दिनों बेहद सुर्खियों में है। जुआ, सट्टा, अवैध शराब के अपराधियों को पकड़कर उनसे लेन - देन कर छोड़ने की कई तरह की शिकायत एसपी विजय अग्रवाल को मिल चुकी है। जिसके चलते उन्हें लास्ट अल्टीमेटम दिया है। उनकी शिकायतों की जांच भी चल रही है। यदि उनकी फितरत में सुधार नहीं हुआ तो उनकी भी कुर्सी आने वाले दिनों में जा सकती है।

## किसानों को मिलेगा 3 अरब 70 करोड़ बकाया बोनस

**जांजगीर- चांपा।** वर्ष 2013 में भाजपा सरकार द्वारा किसानों को समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान पर प्रति क्विंटल तीन सौ रूपये के हिसाब से बोनस देने का वादा घोषणा पत्र में किया गया था। मगर तत्कालीन भाजपा सरकार ने किसानों का वर्ष 2016-17 और 2017-18 का बोनस नहीं दिया ।

इसके पहले सरकार बनते ही वर्ष 2013-14 का बोनस दिया गया था। किसानों को अब 3 अरब 70 करोड़ 79 लाख 55 हजार 5 सौ रूपए बोनस मिलेगा। अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले में किसानों को दो साल का बोनस 3 अरब 70 करोड़ 79 लाख 55 हजार 5 सौ रूपए दिया जाना है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के दिन यह राशि किसानों के खाते में आएगी।

## विविध गतिविधियों के जरिए लोगों को एड्स से बचाव के प्रति किया जागरूक

**चांपा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर नव आस्था जन विकास सेवा समिति व ग्राममित्र समाज सेवी संस्था चाम्पा के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय एमएमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा में अध्यनरत विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं को इन संस्थाओं, आईसीटीसी के परामर्शदाता व अतिथियों द्वारा विभिन्न जानकारी सहित एचआईवी के साथ जी रहे लोगो के अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया, सिविल सर्जन डॉ. अनिल जगत, डीआईओ डॉ. बृजमोहन जागृति, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी, न्यायधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका अग्रवाल, डॉ. विष्णु पैंगवार, जिला लेखापाल केके थवाईत, आईसीटीसी परामर्शदाता मनोज राठौर, एसटीआई परामर्शदाता आशीष शर्मा, परामर्शदाता विद्याभूषण महंत, एमएलटी मनीष राठौर, जय प्रकाश जाहिरे, आहना कार्यक्रम से गणेश साहू, सूर्या नर्सिंग कॉलेज, एमएम आर शासकीय महाविद्यालय चांपा, शासकीय कन्या विद्यालय जांजगीर के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी संस्थान में जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया एवं प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन के लिए इनाम वितरण किया गया। तत्पश्चात 2 दिसंबर को नव आस्था जन विकास सेवा समिति चाम्पा द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यालय में भी जागरूकता अभियान कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। लोगों को एचआईवी के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम मित्र समाज सेवी संस्था के साथ मिल कर किया गया। संस्था द्वारा जिले के आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शासकीय विद्यालय चाम्पा की छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान में जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम, भाषण , प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता किया गया एवं प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन के लिए इनाम वितरण किया गया। तत्पश्चात नव आस्था एवं ग्राम मित्र संस्था के सभी कर्मचारियों द्वारा परशुराम चौक चांपा में रंगोली से एड्स का मोनो बनाकर मोमबत्ती जलाकर लोगों को एचआईवी व एड्स की जानकारी दी गई एवं पाम्पलेट वितरण कर प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर नेहा भारत, डोल नारायण पटेल, विरेन्द्र तिवारी, प्रिया मंडल, चेतन साहू, पूजा मंडल, संध्या निर्मलकर, विक्रम तिवारी आदि मौजूद रहे।

## धमकी देने वाला आरोपी पकड़ाया

**बिर्रा।** दिनांक 20.04.2023 को प्रार्थी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की उसकी नाबालिक बालिका का आरोपी शांति लाल कटकवार साकिन सिलादेही थाना बिर्रा के द्वारा मोबाईल में सोशल मिडिया पर अश्लील गाली गलौच एवं फोटो के साथ अश्लील शब्द लिखकर विडियो को वायरल कर रहा था तथा जान से मारने की धमकी दे रहा था एवं पीड़िता के नाम से फेसबुक पर आईडी बनाकर पीड़िता का फोटो अपलोड करना की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना बिर्रा में अपराध क. 58/23 धारा 509 (ख) भादवि 12 पॉक्सो एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया ।आरोपी शांति लाल कटकवार निवासी सिलादेही द्वारा अपराध घटित कर फरार था जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी, आरोपी को मोबाइल लोकेशन के आधार पर सायबर सेल की मदद से पकड़ा गया जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 05.12.23 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में सउनि फुलेश्वर सिंह सिदार, प्र.आर. विनोद खुंटे, आरक्षक कार्तिक राम कंवर एवं साइबर सेल जांजगीर का विशेष योगदान रहा है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने नेशनल कराटे टूर्नामेंट में जिले के भारत विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित






**जांजगीर-चांपा ।** दिल्ली के नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित रॉयल चैलेंज कप नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में विजेता खिलाड़ियों को कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर खिलाड़ियों का सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने खिलाड़ियों से कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आपका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश एवं प्रदेश सहित जिले का नाम रोशन करेंगे।

कराटे एसोसिएशन ऑफ जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष रामू भैना और उपाध्यक्ष मुरली नायर ने बताया कि दिल्ली में कराटे खिलाड़ियों ने फाइट और काता में भारत के 13 राज्यो कि टीमो को हरा कर छत्तीसगढ़ को भारत विजेता बनाया। जिसमे सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चाम्पा जिले के खिलाड़ियों ने वेस्ट बंगाल और यूपी को हरा कर गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज कुल 33 मैडल जीत कर भारत में छत्तीसगढ़ का परचम लहराया। इन खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ियों का चयन 28 दिसंबर को बांग्लादेश के ढाका शहर में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप के लिए हुआ है।

## शराब के लिए पैसा नहीं दिया तो पीटा

**पंतोरा।** प्रार्थी अमित कुमार बियार उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नवापारा खैजा चैकी पंतोरा का दिनांक 10.10.2023 को रिपोट दर्ज कराया की अपने भाई के साथ दिनांक 09.10.2023 को रात्रि 8 बजे करीबन रोड किनारे पुल मे बैठ कर समोसा खा रहे थे तभी वहां पर बैजलपुर का कृष्णा कश्यप और अपने अन्य साथीयो के साथ सफेद रंग के ब्रेजा गाडी मे आये और प्रार्थी व उसके भाई से शराब पीने के लिए 2,000 रू अवैध रूप मांग करने लगे, पैसा देने से मना किये तो कृष्णा कस्यप और उनके अन्य साथियों द्वारा मिलकर मां बहन का गंदी-गंदी गाली देने लगे और सभी मिलकर हाथ, मुक्का, चप्पल, चुडा, बेल्ट से मारपीट कर भाग गये है की रिपोर्ट पर थाना बलौदा में आरोपियों के अपराध क्रमांक 355/23 धारा 294, 323, 327, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि आरोपी कृष्णा कस्यप, अपने साथी रामेश्वर प्रसाद बरेठ के साथ अपने गांव में घुम रहा है, तत्काल बलौदा पुलिस द्वारा बैजलपुर रवाना जो आरोपी पुलिस को देख भाग रहे थे जिसे पुलिस टीम द्वारा दौडाकर पकडा गया जिसे थाना लाकर पुछताछ किया जो घटना दिनांक को अपने साथियों के साथ शराब पीने के लिए पैसे की मांग किया तथा पैसे नही देने पर प्रार्थी एवं उसके भाई से हाथ, मुक्का, बेल्ट एवं चुडा से मीरपीट करना स्वीकार किया।

आरोपी 01 कृष्णा कष्यप उम्र 23 वर्ष निवासी बैजलपुर 02 रामेश्वर प्रसाद बरेठ उम्र 21 वर्ष निवासी पहरिया थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा का उक्त कृत्य अपराध धारा सदर का पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 04.12.23 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

## कछुए को मात दे रही, आरक्षकों पर अवैध वसूली जांच की चाल




**जांजगीर-चांपा।** नैला चौकी में पदस्थ पुलिस कर्मियों पर लगे अवैध वसूली के गंभीर आरोप मामले की फाइल दबती जा रही है। पखवाड़े भर बाद भी मामले में कोई विशेष प्रगति नहीं दिख रही है, जिसके चलते पुलिसिया कार्रवाई को लेकर अब लोग भी कई तरह की बातें करने लगे हैं। मामले में शिकायत के बाद एसपी विजय अग्रवाल ने जांच के निर्देश दिए हैं, लेकिन जांच की चाल कछुए को भी मात दे रही है।

नैला निवासी विवेक सिंह सूर्यवंशी ने जांजगीर पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत पत्र प्रस्तुत करते हुए नैला चौकी के पुलिस कर्मियों पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया था। एसपी विजय अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए थे। लेकिन जांच की गति अत्यंत धीमी है, जिसके चलते कई तरह की बातें होने लगी है। लोगों का कहना है कि सारागांव टीआई को तत्काल प्रभाव से संस्पेंड कर दिया गया था, जबकि आरक्षकों के मामले में कार्रवाई करने समय कुछ ज्यादा ही लग रहा है, जिससे लोग दाल में काली होने का दावा भी कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि उच्चाधिकारियों का खौफ पुलिस कर्मियों में नहीं दिख रहा है, जिसका ठीकरा वो इस तरह अब आम लोगों पर भी फोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। बहरहाल, इस पूरे मामले में जांच पूरी कर उचित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

# जोनल लेवल खेल प्रतियोगिता में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रर्दशन

**जांजगीर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बनारी जांजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्य श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक 25 से 27 नवंबर 2023 तक राजनांदगांव के अजीज पब्लिक स्कूल में आयोजित जोनल लेवल खेल प्रतियोगिता में संस्था के विद्यार्थी प्रतिभागी बने। इस खेल प्रतियोगिता को खेल विकास एवं संवर्धन संघ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में जांजगीर जिले के दो अन्य संस्था, जिसमे गुरुकुल इंटरनेशनल विद्यालय एवं हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत विद्यालय के विद्यार्थियों ने सराहनीय सहभागिता निभाई। जांजगीर जोनल टीम की अगुआयी ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी जांजगीर ने किया।

टीम की अगुयायी करते हुए दिनांक 25 नवंबर को सभी प्रतिभागियो को जांजगीर से राजनांदगाव लें जाया गया। जहां जांजगीर जोनल टीम ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी विशेष खेल प्रतिभा को उजागर करते हुए खो खो, बैडमिंटन, क्रिकेट एवं शतरंज में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। जिसमे खो खो बालिका वर्ग में हमारी जांजगीर जोन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल की छात्रा ओजस्वी साहू एवं डिंपल केवट ने खो खो में अपनी विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को विजयी बनाने में विशेष सहायता प्रदान की। इसी श्रेणी में खो खो बालक वर्ग को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। क्रिकेट बालक वर्ग में हमारी संस्था के विद्यार्थी समर प्रताप सिंह ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 70 रनों की पारी खेलते हुए अपनी टीम को प्रथम स्थान दिलवाने में सहायक बने, तथा मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी हासिल की। इसी श्रेणी में शतरंज प्रतियोगिता में हमारी संस्था के ही विद्यार्थी अधिष्ठ जायसवाल एवं शौर्य तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा स्वप्निल सोन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन बालिका वर्ग में संस्था की छात्रा अहाना सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, तथा बालक वर्ग में गुरुकुल इंटरनेशनल विद्यालय के छात्र शुभम अग्रवाल



ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागी बने सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई तथा अपने जोन का नाम रोशन किया।

खेल प्रतियोगिता के अंत में अजीज पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती तनाज अजीज ने जांजगीर जोन के प्रतिभागी छात्र छात्राओं द्वारा विशिष्ट खेल प्रतिभा को देखते हुए जोनल हेड ऋषभ अग्रवाल को बधाई दी तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संपूर्ण खेल प्रतियोगिता में हमारे संस्था के शारीरिक शिक्षा के शिक्षक आशीष रावत ने उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रदर्शन किया, तथा विद्यार्थियों को खेल में विशेष प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

इन प्रतिभागियों के विजयी होकर लौटने के पश्चात समस्त ब्रिलियंट परिवार ने उनका जोरदार स्वागत किया, तथा संस्था की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह एवं संचालक आलोक अग्रवाल ने उन्हें प्रोत्साहित एवं सम्मानित करते हुए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था की शिक्षिका महिमा नेताम, श्री आशीष राउत, ऋषभ अग्रवाल एवं समस्त ब्रिलिएंट परिवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अनमोल वचन

**सफलता चाहिए तो खुद को बस में रखो दूसरों को नहीं..!**

## आज का सामाजिक सच

ओबीसी अस्मिता का उभार अब गुजरे जमाने की बात हो चुका है। इस बीच खुद ओबीसी के अंदर विभिन्न जातीय अंतर्विरोध तीखा रूप ले चुके हैं। दूसरी तरफ ओबीसी अस्मिता का दलित-आदिवासी समूहों के साथ टकराव खड़ा हुआ है। तीन हिंदी भाषी राज्यों के चुनाव नतीजों से साफ है कि जातीय अस्मिता को अपनी चुनावी रणनीति का आधार बनाने की कांग्रेस की रणनीति उसे बहुत महंगी पड़ी। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि यह रणनीति आज की सामाजिक हकीकत की नासमझी पर आधारित है। इसमें इस समझ का अभाव है कि 1990 के दशक में हुआ ओबीसी अस्मिता का उभार अब गुजरे जमाने की बात हो चुका है। इस बीच खुद ओबीसी के अंदर विभिन्न जातीय अंतर्विरोध तीखा रूप ले चुके हैं। दूसरी तरफ ओबीसी अस्मिता का दलित-आदिवासी समूहों के साथ टकराव खड़ा हुआ है। निहितार्थ यह कि अब ओबीसी गोलबंदी की बात करने पर टकराव सिर्फ सवर्ण जातियों से नहीं उभरता, बल्कि बहुजन की जो धारणा एक समय पेश की गई थी, उसमें शामिल कई अन्य समूहों के साथ भी अंतर्विरोध खड़ा हो जाता है। छत्तीसगढ़ के चुनाव नतीजों के सामने आ रहे विश्लेषणों से ये तमाम बातें पुष्ट होती है। जातीय जनगणना पर जोर देते हुए ओबीसी गोलबंदी की कांग्रेस की रणनीति ने आदिवासी समुदायों को उसके खिलाफ खड़ा कर दिया। वहीं ओबीसी के अंदर चूंकि मुख्यमंत्री कुर्मी समुदाय से आते थे, तो साहू समुदाय के लोगों ने अपने को उपेक्षित महसूस किया। कहा जा रहा है कि आदिवासियों के साथ-साथ इस समुदाय के अधिकांश वोट भी भाजपा को चले गए। ऐसा देश के दूसरे राज्यों में भी देखने को मिला है। तो निष्कर्ष स्पष्ट है। जब ओबीसी या दलित की सामूहिक राजनीतिक अस्मिता ही कमजोर हो चुकी है, तो अन्य उत्पीड़ित अस्मिताओं के साथ मिलकर सवर्ण विरोधी एक बड़ी राजनीतिक अस्मिता बना पाने का अब कोई आधार नहीं बचता। इसके बावजूद कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों का ऐसी गोलबंदी से उम्मीद जोड़े रखना यही बताता है कि जमीन से उनका संबंध टूट चुका है। उनकी ये अल्पदृष्टि इन समुदायों को बड़ी हिंदू पहचान के अंदर समेटने की भाजपा की कोशिश में सहायक बनी है। अपनी इसी रणनीति के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वे सिर्फ चार जातियों- किसान, मजदूर, महिला और गरीब- को जानते हैं। मतलब यह कि अब भाजपा की रणनीति वर्गीय पहचान को भी हिंदुत्व के अंदर समाहित करने की है।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस से रिलेटेड आप अपने कर्मचारियों के साथ मीटिंग करेंगे व्यापारिक लाभ पर चर्चा करेंगे। आप किसी बिजनेस की शुरुआत करेंगे जिसमे परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। बच्चो के साथ पार्क में घूमने जायेंगे, बच्चो में उत्साह देखने को मिलेगा।

वृष राशिःआज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आज आपके दयालु स्वभाव कोई कोई अनजान आदमी फायदा उठाना चाहेगा। अनजान लोगो से आज आपको सावधान रहने की जरुरत है। आज माता-पिता के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे।

मिथुन राशिःआज आपका दिन खुशहाल रहेगा। नयी कार्य योजनाओं को स्टार्ट करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा । प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले में कहीं बाहर जाना पड़ेगा। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छी कम्पनी में होने के योग बने हुये है ।

कर्क राशिःआज आपका दिन लाभदायक रहेगा। दूर-दराज़ के लोगों से सम्पर्क बनाकर बिजनेस करना लाभकारी रहेगा और बिजनेस भी दूर तक फैलेगा। इस राशि की महिलाओं को बिजनेस में आज ज्यादा ही लाभ होगा। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का कार्य आज पूरा हो जायेगा।

सिंह राशिःआज आपका दिन नयी-नयी खुशियाँ लेकर आएगा। अच्छे भविष्य के लिए आप कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन कर सकते हैं। विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। हेल्थ से रिलेटेड प्रोब्लम्स आज खत्म होगीं, जिससे आप ज्यादा एनर्जेटिक रहेंगे और आपका मन खुश रहेगा।

कन्या राशिःआज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप खुद को आर्थिक तौर पर मजबूत करने की कोशिश करेंगे और सफल भी रहेंगे। विरोधी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होकर दोस्ती का हांथ बढ़ा सकते हैं। अपने जीवनसाथी का समर्थन और प्यार आपके दाम्पत्य जीवन को मजबूत करेगा। आप किसी कॉलेज में एडमिशन लेने का मन बना सकते है।

तुला राशिःआज आपका दिन शानदार रहेगा। अधिक भागदौड़ वाला काम होने के बावजूद भी आप पॉजिटिव रहेंगे। आपके अच्छे व्यवहार के जरिये आपके कुछ नए दोस्त बन सकते है। आज आपके सारे काम समय से पूरे हो जायेंगे। शेयर मार्किट में पैसा लगाने से पहले किसी एक्सपर्ट की राय जरुर लें। महिलाएं आज घर के काम में बिजी रहेंगी।

वृश्चिक राशिःआज आपका दिन आपके लकी रहने वाला है। इस राशि के जो लोग सिंगगिंग में अपना करिअर बनाना चाहते है उनके लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। क्रिकेट से जुड़ी महिलाओं के लिए आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा साबित होगा। समाज सेवा करने का अवसर मिलेगा जिससे आपको फेम मिलेगी।

धनु राशिःआज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। आज आप फिजूल में अपना समय ना विताएं। कार्यों को पूरा करने पर ध्यान लगायें। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, आपकी तारीफ भी करेंगे। आज काम अधिक होने के कारण मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, आपका पेशेंस आपको सफलता दिलाएगा।

मकर राशिःआज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। कामकाज के मामले में आपकी प्रॉब्लम जल्दी ही सुलझ जायेगी। अगर आप बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे है, तो आज का दिन बेहतर है। परिवार में चल रही अनबन आज सुलझ जाएगी। तालमेल अच्छा बना रहेगा।

कुम्भ राशिःआज आपका दिन मिला जुला रहेगा। पेरेंट्स बच्चों के साथ किसी शोपिंग मॉल में घूमने जायेंगे। छात्रों को नया प्रोजेक्ट मिलेगा जिसको सब साथ मिलकर पूरा करेंगे। नव विवाहित दम्पति अपने परिवार के साथ कही मंदिर घूमने जायेंगे, जिससे उनमे काफी प्रेम बढ़ेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, किसी नए प्रोजेक्ट पर काम मिलेगा। आज शाम को आप दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने जायेंगे। इस राशि के जिन लोगों का बर्थडे है।

# कोविड-19 से कितना अलग है चीन का रहस्यमय बाल निमोनिया

//रंजीत कुमार//

**करीब चार साल बाद एक बार फिर चीन की किसी बीमारी को लेकर दुनियाभर की स्वास्थ्य मशीनरी चिंतित है। चीन में बड़े पैमाने पर बच्चे सांस की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। विश्व मीडिया में इसे रहस्यमय बाल निमोनिया कहा जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुरोध पर चीन ने जो आधिकारिक रिपोर्ट दी है उसके मुताबिक यह कोई अज्ञात बीमारी नहीं है और इसके पीछे किसी नए रोगाणु (पैथोजेन) होने के प्रमाण नहीं मिले हैं।**

इसी रिपोर्ट को तात्कालिक सच मानते हुए डब्लूएचओ ने वैश्विक स्वास्थ्य एडवायजरी जारी की है। इस एडवायजरी में लोगों को सामान्य सावधानी बरतने की सलाह दी गई है और कहा गया है कि चीने से होने वाली आवाजाही को रोकने की आवश्यकता नहीं है। डब्लूएचओ की एडवायजरी के शब्द हैं, इस घटना को लेकर अब तक जो जानकारी उपलब्ध है, उसके आधार पर डब्लूएचओ किसी प्रकार का व्यापार और यात्रा प्रतिबंध लागू करने के विरुद्ध है।

सवाल है कि क्या सच में यह ठंढ के मौसम में होने वाली सामान्य सर्दी-जुकाम की समस्या है। क्या इसके पीछे सर्दी जुकाम के लिए जिम्मेदार सामान्य-परंपरागत बैक्टेरिया, वायरस का संक्रमण ही है। क्या सच में विश्व समाज को इसे कोविड 19 की तरह नहीं लेना चाहिए। दुनिया भर के संक्रामक रोग विशेषज्ञों में से अधिकतर का कहना है कि चीन के इस बाल निमोनिया को कोविड 19 की तरह नहीं लेना चाहिए। उन्होंने चीन में बड़े पैमाने पर बच्चों के बीमार होने के पीछे की वजह को परिस्थितिजन्य माना है। प्रसिद्ध विज्ञान शोध पत्रिका नेचर ने अपनी एक रिपोर्ट में इस बीमारी का विश्लेषण कुछ इस तरह किया है, महामारी को रोकने के उपायों- जैसे मास्क लगाना और यात्रा प्रतिबंध आदि में ढील देने के बाद की पहली सर्दी में सांस संबंधित रोगों में वृद्धि होना एक परिचित पैटर्न रहा है। नवंबर 2022 में, अमेरिका में फ्लू से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 2010 के बाद सर्वाधिक देखी गई।

नेचर की रिपोर्ट में आगे लिखा है कि यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन के कम्प्यूटेशनल जीव विज्ञानी फ्रेकोइस बैलौक्स के अनुसार, राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन और कोविड -19 के प्रसार को कम करने के लिए किए गए उपायों ने मौसमी रोगाणुओं के प्रसार को रोक दिया, जिससे आबादी को रोगाणुओं के खिलाफ इम्युनिटी विकसित होने का अवसर नहीं मिला। इसे इम्यूनिटी डेब्ट कहते हैं। चूंकि चीन ने किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक लंबे समय तक और कहीं अधिक कठोर लॉकडाउन लागू किया था, इसलिए यह अनुमान लगाया गया था कि लॉकडाउन हटाने के बाद चीन में ऐसी बीमारी की लहर आ सकती है। ठीक इसी तरह की विज्ञप्ति चीन के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी की गई है। चीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि उनके देश में बाल निमोनिया की जो बीमारी सामने आई है, उसके पीछे कोविड 19 जैसा कोई अज्ञात वायरस नहीं है। यह फ्लू और अन्य सामान्य ज्ञात बैक्टेरिया, वायरस के संक्रमण से हो रहा है। इसकी दवा उपलब्ध है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन, इन सब बातों के बावजूद दुनिया बेफिक्र नहीं हो सकती है। कोविड 19 की तरह ही इस नई महामारी पर चीन के दावे पर शक करने के कई कारण मौजूद हैं। इस बीमारी को लेकर भी चीन ने कोविड 19 की तरह ही व्यवहार किया है। चीन का कहना है कि अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में इस बीमारी के बड़े पैमाने पर फैलने की बात सामने आई, जबकि कई मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि मई महीने से ही चीन के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में इस बीमारी का प्रकोप फैल गया था। ठीक इसी तरह का व्यवहार चीन ने कोविड 19 मामले में भी किया था,जब उसने कई महीने तक बीमारी को दुनिया से छिपाए रखा। गौरतलब है कि प्रोमेड नामक संस्था ने 2019 में काफी पहले शंका जाहिर की थी कि चीन के वूहान प्रांत में कोई अज्ञात महामारी फैली हुई हुई है। इस बार भी प्रोमेड ने इस रहस्यमय निमोनिया को लेकर जो रिपोर्ट प्रकाशित की है, वह चीन के दावे और डब्लूएचओ एवं अन्य विशेषज्ञों की राय से अलग है। प्रोमेड के अनुसार, बहुत बड़ी संख्या में बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें खांसी नहीं होती है और उनमें कोई लक्षण (सर्दी के) नहीं होते हैं। उन्हें बस उच्च बुखार होता है और कई बीमार बच्चों के फेफड़े में गांठ विकसित हो रहे हैं। चीन के कई क्षेत्रों से इस अज्ञात श्वसन बीमारी के व्यापक प्रकोप की बात सामने आ रही है। बीजिंग और लियाओनिंग लगभग 800 किमी दूर हैं, लेकिन दोनों जगह बीमारी का प्रकोप है। यह बिल्कुल भी स्पष्ट नहीं है कि इस बीमारी का प्रकोप कब शुरू हुआ। इतनी संख्या में बच्चे जल्द इसकी चपेट में आ जाएंगे, यह कहना असामान्य बात होगी। इन दोनों पहलू के अलावा एक तीसरे पहलू की भी चर्चा हो रही है। इसमें कहा जा रहा है कि यह निमोनिया का एक सामूहिक प्रकोप है जिसके लिए परंपरागत निमोनिया बैक्टेरिया समेत, इनफ्लुएंजा, एडिनोवायरस, आरएसवी जैसे वायरस भी जिम्मेदार है। शायद इस कारण यह बीमारी तेजी से फैल रही है और इसकी चपेट में बड़ी संख्या में बच्चे आ रहे हैं। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि फिलहाल दुनिया को स्पष्ट रूप से इस बात की जानकारी नहीं है कि यह कोई नई महामारी है या सामान्य जुकाम की कोई लहर है। डब्लूएचओ ने विश्व बिरादरी को आश्वस्त किया है कि वह लगातार इसकी निगरानी कर रहा है और चीनी अधिकारियों के संपर्क में है। आगे भी वह इसे लेकर दुनिया को अपडेट करता रहेगा। बहरहाल, भारत सरकार भी चीन के इस नए संकट को लेकर सजग है। केंद्र सरकार ने रविवार को सभी राज्यों के लिए एक स्वास्थ्य एडवायजरी जारी की है। इसमें सभी राज्यों को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की तुरंत समीक्षा करने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि उसने अत्यधिक सावधानी बरतते हुए सांस संबंधी बीमारियों के खिलाफ प्रारंभिक उपायों की सक्रिय रूप से समीक्षा करने का फैसला लिया है।

कोविड 19 के त्रासद अनुभव के कारण भारत समेत पूरी दुनिया महामारी के नाम से सहमी हुई है। ऐसी स्थिति में अफवाह फैलने की संभावना अधिक रहती है। सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वाली सामग्री बड़ी संख्या में अपलोड की जा रही है। इसलिए आम लोगों के लिए सबसे अच्छा यह होगा कि वह सरकारी स्वास्थ्य एडवायजरी का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

## न्यायपालिका के समक्ष चुनौतियां

अगर मुकदमों का निपटारा समयबद्ध तरीके से नहीं होता है तो नागरिकों के अदालत का दरवाजा खटखटाने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अब भी लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं। अकेले अक्टूबर के महीने में देश भर की अदालतों में 16 लाख से ज्यादा मामले पहुंचे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्च न्यायपालिका में नियुक्ति के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के जरिए जजों की बहाली का सुझाव दिया तो उनके सामने ही देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से डरना नहीं चाहिए क्योंकि अदालतें आम लोगों के लिए ही हैं। देश की प्रथम नागरिक और चीफ जस्टिस दोनों की बातें सुनने में बहुत अच्छी लग रही हैं। लेकिन क्या सचमुच प्रतियोगिता परीक्षाओं के जरिए जजों की नियुक्ति से न्यायपालिका की समस्याएं या उसकी चुनौतियों का समाधान हो जाएगा? और क्या आम नागरिकों के न्यायालयों का दरवाजा खटखटाने से उनको न्याय मिलना सुनिश्चित हो जाएगा? इन दोनों पहलुओं पर विचार करने की जरूरत है। महामहिम राष्टपति ने जो कहा उससे पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि अगर अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के जरिए जजों की नियुक्ति होगी तो उच्च न्यायपालिका में विविधता सुनिश्चित होगी और ज्यादा प्रतिभाशाली लोग न्यायिक सेवा में आएंगे। लेकिन असल में ऐसा होने की कोई गारंटी नहीं है। उलटे जजों की नियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था से छेड़छाड़ से न्यायिक सेवाओं की गुणवत्ता पर नकारात्मक असर भी हो सकता है। ध्यान रहे निचली अदालतों में न्यायिक सेवाओं के जरिए मजिस्ट्रेट की बहाली होती है लेकिन उच्च अदालतों में जज बनने के लिए बार से ज्यादा सिफारिशें की जाती हैं। अगर हाई कोर्ट्स में न्यायिक सेवा के जरिए बहाली होगी तो संभव है कि दुनिया के अच्छे संस्थानों से पढ़ कर आए और अच्छी प्रैक्टिस कर रहे वकील परीक्षा में हिस्सा न लें। मौजूदा व्यवस्था में अच्छे वकीलों की सहमति लेकर उनके नाम कॉलेजियम की ओर से नियुक्ति के लिए भेजे जाते हैं। इस व्यवस्था में भी कई कमियां हैं, लेकिन उन्हें सुधार कर इसे बेहतर किया जा सकता है। इसी तरह नागरिकों को न्यायालयों का दरवाजा खटखटाने की सलाह देना अच्छी बात है लेकिन न्याय सुनिश्चित करना उतना आसान नहीं है। देश भर की अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़ मुकदमे लम्बित हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 70 लाख केस ऐसे हैं, जो पांच से 10 साल की अवधि के हैं तो 32 लाख से ज्यादा केस 10 से 20 साल पुराने हैं। पांच लाख केस 20 से 30 साल पुराने हैं और 30 साल से ज्यादा समय से लम्बित मुकदमों की संख्या भी करीब एक लाख है। तभी सवाल है कि अगर मुकदमों का निपटारा समयबद्ध तरीके से नहीं होता है तो नागरिकों के अदालत का दरवाजा खटखटाने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अब भी लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं। अकेले अक्टूबर के महीने में देश भर की अदालतों में 16 लाख से ज्यादा मामले पहुंचे। तभी सर्वोच्च अदालत और सरकार दोनों को मिल कर ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि अदालतों में पहुंचने वाले मुकदमों का समयबद्ध निपटारा हो।

# इजराइल को दूरगामी नुकसान हुआ है

//सत्येन्द्र रंजन//

**दुनिया ने आवाक होकर इस भयानक नजारे को देखा और फिर उसका विरोध एवं उस पर गुस्सा कई रूपों में व्यक्त हुआ। नतीजतन, दुनिया की निगाह में आम तौर पर पूरे पश्चिम- और विशेष रूप से अमेरिका और इजराइल का अख़लाक पूरी तरह चूक गया है। चूंकि इजराइल और हमास एक दूसरे के खिलाफ खड़े हैं, इसलिए मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है कि उनमें एक को हुआ नुकसान दूसरे का लाभ है। इजराइल और फिलस्तीन के बीच 47 दिन तक चली लड़ाई के बाद 'मानवीय आधार पर हमले रोकने' के लिए हुए समझौते का श्रेय अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लिया। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने दावा किया कि यह समझौता कराने में बाइडेन की प्रमुख भूमिका रही। तो प्रश्न है कि सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमलों के बाद से युद्धविराम का लगातार विरोध करते रहे बाइडेन आखिर ऐसी भूमिका क्यों अपनाई।**

साफ तौर पर इसलिए कि इजराइल की बर्बर कार्रवाइयां अमेरिकी राष्ट्रपति को भारी पड़ने लगी थीं। हमास के हमलों के बाद इजराइल के प्रति पश्चिमी देशों के एक बड़े हिस्से में सहानुभूति पैदा हुई थी। लेकिन उसके बाद प्रतिशोध की भावना के साथ इजराइल ने जिस तरह अस्पतालों, शरणार्थी शिविरों, स्कूलों आदि को निशाना बनाया और उनमें जिस बड़ी संख्या में निहत्थे लोग- शिशु, बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग मारे जाने लगे, उससे सहानुभूति की तुलना में कई गुना ज्यादा गुस्सा और विरोध भाव भी उन देशों में फैलने लगा। यहां तक कि संयुक्त राष्ट की एजेंसियों ने इन इजराइली कार्रवाइयों को युद्ध अपराध बताया। ये धारणा आम हो चली कि इजराइल यह सब इसलिए कर पा रहा है, क्योंकि बाइडेन प्रशासन और अन्य पश्चिमी देशों का हाथ उसकी पीठ पर है। अक्टूबर खत्म-खत्म होते बदलती जन धारणा बाइडेन और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी को भारी पड़ने लगी। खुद पश्चिमी मीडिया में ऐसी खबरों की भरमार हो गई। मसलन,

तीन नवंबर को टीवी चैनल सीएनएन ने खबर दी कि जो बाइडेन और उनके प्रमुख सलाहकार अब इजराइल को चेतावनी दे रहे हैं कि गजा में मानवीय पीड़ा बढ़ने के साथ दुनिया भर में फैल रहे विरोध भाव के बीच अब इजराइल के लिए अपने सैनिक मकसदों को हासिल करना अधिक कठिन होता जा रहा है। 15 नवंबर को रॉयटर्स ने खबर दी कि हमास के खिलाफ इजराइली युद्ध के लिए अमेरिका में जन समर्थन घट रहा है। ज्यादातर अमेरिकियों की राय है कि यह युद्ध एक मानवीय संकट में तब्दील हो गया है, इसलिए इजराइल को युद्धविराम लागू करना चाहिए। 19 नवंबर को प्रकाशित हुए टीवी चैनल एनबीसी के जनमत सर्वेक्षण में बताया गया कि (राष्ट्रपति बनने के बाद से) जो बाइडेन के काम से संतुष्ट लोगों की संख्या अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। मतदाताओं का बड़ा बहुमत उनकी विदेश नीति और इजराइल-हमास युद्ध के प्रति उनकी नीति से असंतुष्ट है। इजराइल के अखबार यरुशलम पोस्ट में 23 नवंबर को छपे एक विश्लेषण में कहा गया- 'इजराइल भले युद्ध के मैदान में जीत रहा हो, लेकिन यह मीडिया में हार रहा है। मीडिया इजराइल की विनाशकारी बमबारी और बच्चों सहित फिलस्तीनी नागरिकों के हताहत होने की नाटकीय तस्वीरों से भरा भड़ा है। बाइडेन ने इजराइल को जो अभूतपूर्व समर्थन दिया, उसकी इजराइल एवं उनके यहूदी वोटरों ने खूब तारीफ की। लेकिन इससे डेमोगिटिक पार्टी के समर्थक कई तबकों- खासकर प्रगतिशील नेताओं ने कड़ी आलोचना की है।' दरअसल, इजराइल को अंध-समर्थन की बाइडेन की नीति ने खुद उनके प्रशासन के अंदर फूट पैदा कर दी। उधर विभिन्न देशों से मिल रही प्रतिक्रिया से प्रशासन इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि इस नीति के कारण दुनिया की जन धारणा में उसे स्थायी किस्म का नुकसान हो रहा है। चूंकि शुरुआत से ही वह इजराइली हमलों को आत्म रक्षा की कार्रवाई बताते हुए बार-बार यह कह चुका था कि जब तक हमास का खात्मा नहीं होता, युद्धविराम की जरूरत नहीं है, ऐसे में चेहरा बचाने के लिए उसने मानवीय आधार पर युद्ध रोकने का जुमला गढ़ा।

लेकिन फिलहाल आम अनुमान यही है कि अब बंधकों की अदला-बदली के लिए लड़ाई रोकने का फैसला दीर्घकालिक कदम साबित हो है। यानी युद्धविराम की अवधि आगे बढ़ सकती है। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायता मामलों के उप महासचिव मार्टिन ग्रिफिथ ने कहा है कि लड़ाई का सबसे बुरा दौर गुजर गया है। मानवीय सहायता क्षेत्र में दशकों तक काम करने का अनुभव रखने वाले ग्रिफिथ ने अपनी इस बात पर जोर डालते हुए कहा- 'ऐसा मैं हलके अंदाज में नहीं कह रहा हूं।'

ऊपर हमने यरुशलम पोस्ट में छपे जिस आलेख का हवाला दिया है, उसमें युद्ध के मैदान पर इजराइल जीत का उल्लेख है। लेकिन यह दावा विवादास्पद है। किसी युद्ध में किसी देश की जीत या नाकामी को सैनिक कार्रवाई के घोषित उद्देश्य के पैमाने पर मापा जाता है। इस लड़ाई में इजराइल ने अपना जो मकसद घोषित किया, उसे हासिल करना असंभव था। और इसलिए ऐसा हो भी नहीं पाया है। यह मकसद हमास का खात्मा है। लेकिन किसी संगठन को, जो एक मकसद के लिए लड़ रहा हो और किसी क्षेत्र में एक विचार के रूप स्थापित हो गया हो, उसका जड़-मूल से नाश करना असंभव होता है। अगर गजा के सभी लोगों की हत्या कर दी जाए, तब भी हमास के समर्थक, और स्वतंत्र फिलस्तीनी राज्य की स्थापना को अपना मकसद मानने वाले लोग दूसरे क्षेत्रों या यहां तक कि अन्य देशों में भी जीवित बने रहेंगे। साथ ही उसे इस मकसद के लिए कार्यकर्ता मिलते रहेंगे। इसलिए जब तक मकसद बाकी रहता है, इस तरह के संगठन जब-तब, जहां-तहां से पनपते रहते हैं।

फिलहाल, बात अगर हमास और फिलस्तीन तक सीमित रखें और लड़ाई रुकने के पहले तक का लेखा-जोखा लें, तो यह देखना अहम होगा कि सात अक्टूबर के बाद से चले घटनाक्रम में लाभ-हानि की गणना किसके पक्ष में है। चूंकि इस दौर में पहला वार हमास ने किया, इसलिए पहले उसके नजरिए से इस गणना पर ध्यान देते हैः सात अक्टूबर को हमास ने भारी जोखिम उठाया।

## तस्वीरों की दुनिया



चेन्नई में चक्रवात मिचौंग के कारण भारी बारिश के बाद लोग पानी से भरी सड़क से गुजर रहे हैं।




नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल पार्टी नेताओं डीके शिवकुमार और अन्य के साथ।



नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में बाबा साहब अंबेडकर की पुण्य तिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी भाजपा दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य के साथ।



नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आप सांसद अशोक मित्तल, राघव चड्ढा, संदीप पाठक, सुशील गुप्ता और संजीव अरोड़ा ने विरोध प्रदर्शन किया।



नई दिल्ली में एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्या के राष्ट्रपति विलियम समोई रुतो।



चेन्नई में चक्रवात मिचौंग के कारण भारी बारिश के बाद लोग पानी से भरी सड़क से गुजर रहे हैं।



एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में एनडीएमसी के स्कूल विज्ञान मेले के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह।

# होंडुरास में बड़ा सड़क हादसा, यात्रियों से भरी बस नदी में गिरी, 12 लोगों की मौत



**तेगूसिगाल्पा, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सेंट्रल अमेरिकी देश होंडुरास में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। होंडुरास में एक बस दुर्घटना का शिकार हो गई, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। रायटर, के अनुसार, होंडुरास के तेगुसिगाल्पा में यह हादसा उस समय हुआ। जब लोगों से भरी बस पुल से टकराकर नदी में जा गिरी।

इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई और लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बस तेगुसिगाल्पा से लगभग 41 किलोमीटर हादसे का शिकार हुई है। बस में लगभग 60 लोग सवार थे। अग्निशमन विभाग के लेफ्टिनेंट क्रिस्टियन सेविला ने कहा कि इस हादसे में अब तक 12 लोग मारे गए हैं, जिनमें 10 लोगों की घटनास्थल पर और दो की तेगुसिगाल्पा के अस्पताल में मौत हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायलों को एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो ने मृतकों के निधन पर दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि सरकार ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। कास्त्रो ने लिखा- यह एक त्रासदी है, सरकार पीड़ितों के अंतिम संस्कार का खर्च उठाएगी।

## राजगढ़ जिले के पिपलिया रसोदा गांव में 5 साल की बच्ची बोरवेल में गिरी



**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के पिपलिया में एक बड़ा हदसा हो गया है। रसोदा गांव में 5 साल की बच्ची बोरवेल में गिर गई। गौरतलब है कि मौके पर मौजूद लोगों ने देखा तो तुरंत पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद बचाव अभियान शुरू हुआ। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू कर लिया है। मुख्यमंत्री ने चिंता जताते हुए कहा कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन को सख्त आदेश दिए गए है की वे जल्द से जल्द बच्ची को सकुशल बाहर निकाले। उन्होंने कहा कि बच्ची को सकुशल बाहर निकालने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीम बच्ची को सकुशल बाहर निकालने के लिए प्रयासरत है। मैं भी स्थानीय प्रशासन के निरंतर संपर्क में हूँ।

# इज़रायली महिलाओं के साथ हमास के आतंकियों ने की दरिंदगी, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन का बड़ा दावा



**बोस्टन, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमलों के दौरान हमास द्वारा की गई यौन हिंसा की निंदा की। उन्होंने लोगों के बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि हमास ने इजराइल हमले के दौरान महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया।समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल पर हुए हमलों में जीवित बचे लोगों और गवाहों का हवाला देते हुए कहा कि दक्षिणी इजरायल पर 7 अक्टूबर को हुए हमले के दौरान महिलाओं के साथ बार-बार दुष्कर्म किया और शवों को क्षत-विक्षत भी किया। बॉस्टन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाइडन ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में क्रुरता की घटनाएं सामने आई हैं। महिलाओं के साथ बार-बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया और उनके शरीर को शरीर को क्षत-विक्षत किया गया।

हमास के आतंकवादियों ने महिलाओं और लड़कियों को पहले दर्द दिया और उसके बाद उनकी हत्या कर दी गई। राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों, सिविल सोसायटी और लोगों से हमास द्वारा किए गए यौन हिंसा की निंदा करने का आह्वान किया। बता दें कि इजरायल पुलिस यौन अपराधों की जांच कर रही है। वहीं, इजरायल के न्याय मंत्रालय ने कहा कि पीड़ितों को शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और उनके साथ दुष्कर्म भी किया गया। उन्होंने कहा कि बाद में उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई।

जिनमें से कुछ पीड़ितों को जिंदा जला दिया गया। हालांकि, हमास ने इजरायल के आरोपों को खारिज किया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और हमास के बीच एक सप्ताह तक युद्धविराम चला था। हालांकि, युद्धविराम के बाद इजरायल ने गाजा में हमास के खिलाफ कार्रवाई फिर से तेज कर दी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इजराइल के हमलों में 16,248 लोग मारे गए हैं।

# राज्य में दो करोड़ से अधिक लोगों को 'विकसित भारत एंबेसडर' बनाएगी भाजपा , प्रदेश अध्यक्ष की केंद्रीय मंत्रियों के साथ हुई बैठक



**लखनऊ, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में दो करोड़ से अधिक लोगों को नमो एप से जोड़कर विकसित भारत एंबेसडर बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सात दिसंबर को नमो एप पर 'विकसित भारत एंबेसडर' नामक माड्यूल लांच करने के साथ ही यह अभियान प्रारंभ होगा। अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह तथा मोदी एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप सिंह चहल ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से क्षेत्रीय अध्यक्षों, क्षेत्रीय प्रभारियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों, सांसदों, विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्षों, सदस्यों, ब्लाक प्रमुखों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को नमो ऐप से जोडना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अधिक से अधिक लोगों को विकसित भारत एंबेसडर बनाना है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि नमो एप हमारी संगठनात्मक क्रियाशीलता के प्रदर्शन का सशक्त प्लेटफार्म है। 'विकसित भारत एंबेसडर' माड्यूल के माध्यम से एक-एक कार्यकर्ता और नागरिकों द्वारा किए जाने वाले संगठनात्मक व रचनात्मक कार्यों को बड़ा कैनवास मिलेगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता के मल्टीमीडिया मोबाइल में नमो एप डाउनलोड कराना है।

सात दिसंबर से ही अभियान चलाकर 'विकसित भारत एंबेसडर' माड्यूल से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है। पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल से लेकर बूथ तक के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा सांसद-विधायक से लेकर सभी जनप्रतिनिधि प्रदेश में दो करोड़ से अधिक लोगों को अभियान से जोडने् में सहभागी बनेंगे। मोदी एप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित कर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को 'विकसित भारत एंबेसडर' से लोगों को जोड़ने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। वर्चुअल बैठक में केंद्र सरकार के मंत्री डॉ.महेन्द्र नाथ पांडेय, जनरल वीके सिंह, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, अजय मिश्रा टेनी, भानु प्रताप वर्मा, पंकज चौधरी, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, राज्य सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, अनिल राजभर, जितिन प्रसाद, राकेश सचान आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।

# प्रशांत किशोर 2025 में लड़ेंगे चुनाव, BJP को वोट मिलने के 4 कारण भी बताए, शराबबंदी-मखाना और मछली पर नीतीश को घेरा



**दरभंगा, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पूरी दुनिया में ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि शराबबंदी के जरिये सामाजिक आर्थिक विकास का रास्ता खुला हो। शराबबंदी के लिए गांधीजी ने ऐसा कभी नहीं कहा था कि शराबबंदी के लिए सरकार को कानून बनाना चाहिए। गांधीजी ने कहा कि शराब पीना बुरी बात है। सामाजिक प्रयास से शराब को बंद करना चाहिए। इस गरीब व पिछड़े राज्य का हर साल 15 से 20 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। ये पैसा भ्रष्ट अफसर व माफिया की जेब में जा रहा है। यह बातें जन सुराज अभियान के तहत पदयात्रा कर रहे प्रशांत किशोर ने सोमवार को कहीं। वे सिंहवाड़ा के महावीर मंदिर मैदान कलिगांव से पदयात्रा के पूर्व मीडिया से संवाद कर रहे थे।इस दौरान उन्होंने कहा कि 2025 में जनसुराज एक दल के तौर पर 243 विधानसभा सीटों पर लड़ता दिखेगा। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में पानी की बहुतायत है, बावजूद सरकार उसका सही तरीके से प्रबंधन नहीं कर पाती है। यहां रोड के एक किनारे जल जमाव है और दूसरी ओर के खेत सूखे से ग्रस्त है।प्रशांत किशोर ने उदाहरण देते हुए बताया कि अमेरिका में रहने वाले मेरे दोस्त ने एक वीडियो बनाकर भेजा। वह दोस्त वहां के वालमार्ट स्टोर से बिहार के मधुबनी का मखाना खरीदने गया था। उसका दाम भारतीय करेंसी में आठ हजार रुपये किलो था।यहां पर किसान प्रति किलो मखाना 600 रुपये की दर से बेचते हैं।

यदि यहां के किसानों को 30-40 प्रतिशत रुपये भी मिलने लगे तो आप अंदाजा लगाइए कि दरभंगा और मधुबनी के लोगों को कितना फायदा होगा।यही हाल मछली का भी है। दरभंगा और मधुबनी में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा मछली आंध्र प्रदेश से आकर बेची जाती है। मधुबनी की बात करें तो वहां 31 हजार एकड़ में तालाब-पोखर है। लेकिन सरकार को इसे सुधारने का कोई नजरिया ही नहीं है। उन्होंने सोमवार को 12.4 किलोमीटर तक की पदयात्रा की। उन्होंने कहा कि बीजेपी को वोट मिलने के चार कारण हैं। पहला उनकी हिंदुत्व विचारधारा। दूसरा नया राष्ट्रवाद। तीसरा एक बहुत बड़ा वर्ग केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों का है।चौथा, जो बीजेपी का अपना संगठन है, उसकी जो संगठनात्मक और आर्थिक ताकत है उससे भी बहुत अंतर पड़ता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के संगठन की जितनी ताकत है, उसके मुकाबले में अन्य पार्टियों के संगठन को मजबूत होना होगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में जनसुराज अकेले अपने दम पर 243 विधानसभा में शिक्षित व कुशल छवि के उम्मीदवारों के साथ निर्णायक फैसला बिहार के विकास के लिए लेगी।

## अहमदाबाद से दुबई जाने वाली फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, कराची में उतरा विमान, सभी यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली 06 दिसम्बर।** स्पाइसजेट के अहमदाबाद से दुबई के लिए उड़ान भरने वाले एक विमान को आपात स्थिति में कराची में लैंड कराया गया। पीटीआई के अनुसार, स्पाइसजेट ने बताया कि मेडिकल इमरजेंसी कारणों के चलते विमान को आनन-फानन में कराची की ओर मोड़ा गया।, स्पाइसजेट बोइंग 737 विमान संचालन उड़ान एसजी-15 (अहमदाबाद-दुबई) को मेडिकल आपातकाल के कारण कराची में उतारा गया, जिसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि 5 दिसंबर, 2023 को स्पाइसजेट बोइंग 737 विमान संचालन उड़ान एसजी-15 (अहमदाबाद-दुबई) को मेडिकल इमरजेंसी के कारण कराची की ओर मोड़ दिया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। इससे इतर तमिलनाडु में जारी मिचौंग तूफान के कारण स्पाइसजैट ने बहुत सी फ्लाइट कैंसल कर दी है। स्पाइसजेट के अनुसार, तमिलनाडु राज्य में चक्रवात मिचौंग के कारण खराब मौसम की स्थिति के कारण, चेन्नई (एमएए) से सभी उड़ान संचालन दिन के लिए रद्द कर दिया गया है।

# टूट जाएगा इंडिया गठबंधन! तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर ये क्या बोल गईं ममता बनर्जी



**कोलकाता, 06 दिसम्बर एजेंसी ।**

मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सोमवार को तीन राज्यों में कांग्रेस की हार पर हमला बोला है। ममता ने कहा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के सदस्यों के साथ सीट-बंटवारे की व्यवस्था की कमी के कारण तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव हारी है। ममता के बयान के बाद इंडिया गठबंधन पर भी सवाल उठने लगे हैं। ममता ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की हार है, लोगों की नहीं। कांग्रेस ने तेलंगाना जीत लिया है।

वे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जीत सकते थे। कुछ वोट विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की पार्टियों ने काटे। यह सच है। हमने सीट-बंटवारे की व्यवस्था का सुझाव दिया था। वोटों के बंटवारे के कारण कांग्रेस हार गई।ममता ने कहा कि विचारधारा के साथ-साथ आपको एक रणनीति की भी जरूरत है। अगर सीट-बंटवारे की व्यवस्था बनेगी, तो भाजपा 2024 में सत्ता में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन अगले साल आम चुनाव से पहले मिलकर काम करेगा और गलतियों को सुधारेगा। हम गलतियों से सीखेंगे।ममता की यह टिप्पणी कांग्रेस को तीन प्रमुख राज्यों- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हार का सामना करने के बाद आई है। ममता ने कहा कि कांग्रेस मिजोरम में सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद सिर्फ एक सीट जीतने में सफल रही। उसकी एकमात्र जीत तेलंगाना में है, बाकी सभी जगहों पर हार गई है। विधानसभा चुनाव के इस दौर में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने कई सीटों पर अलग-अलग चुनाव लड़ा था। कई लोगों ने बताया है कि इससे वोटों में विभाजन हुआ और भाजपा को फायदा हुआ है। आईएनडीआईए (इंडिया गठबंधन) के कई सहयोगियों ने चुनावों से पहले खुद को दूर करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

# पंजाब में कांग्रेस नेता कुलविंदर कौर ने आम आदमी पार्टी का दामन, सीएम भगवंत मान के काम को सराहाया



**करतारपुर,06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

आज शाम वार्ड नंबर 13 की पूर्व पार्षद कांग्रेसी नेत्री कुलविंदर कौर ने अपने साथियों सहित आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। आम आदमी पार्टी का दामन थामने के बाद निकाय मंत्री पंजाब एवं स्थानीय विधायक बलकार सिंह ने पार्टी का सरोपा पर डालकर स्वागत किया।

इस निकाय मंत्री पंजाब बलकार सिंह ने कहा कि कहां की पंजाब में भगवंत मान सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है जिसको देखते हुए लोग पार्टी का दामन थाम रहे हैं। इस मौके पर वरुण बावा, जसविंदर सिंह बबला, सन्नी छाबड़ा ब्लॉक प्रधान, मानव छाबड़ा, पार्षद मनजिंदर कौर ,हरविंदर सिंह बाबा, लुब्बा राम, राजू अरोड़ा, राजिंदर कालिया, गुरदीप सिंह मिंटू, अन्य मौजूद थे।पूर्व पार्षद कांग्रेसी नेत्री कुलविंदर कौर ने मंगलवार शाम को अपने साथियों सहित आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। निकाय मंत्री पंजाब एवं स्थानीय विधायक बलकार सिंह ने पार्टी का सरोपा डालकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पार्टी के कई बड़े और स्थानीय नेता तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चीन आयोजित करेगा दूसरा हिंद महासागर फोरम सम्मेलन, भारत के लिए फिर बन सकता है सिरदर्द

**बीजिंग।** चीन इस सप्ताह हिंद महासागर क्षेत्र फोरम का दूसरा सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। यह कदम भारत से सटे रणनीतिक समुद्री क्षेत्र में अपनी दादागिरी बढ़ाने के लिए कई देशों को अपने साथ लाने की चीन की चाल है। पिछले वर्ष चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के संगठन चीन अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी (सीआईडीसीए) ने दक्षिणी पश्चिमी युन्नान प्रांत की राजधानी कुन्मिग में बैठक आयोजित की थी। सीआईडीसीए ने बैठक में इंडोनेशिया, पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान, ईरान, ओमान, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, मोजांबिक, तंजानिया, सेशेल्स, मैडागास्कर, मारीशस, जिबूती, आस्ट्रेलिया समेत 19 देशों के भाग लेने का दावा किया था।

# जेडीयू सांसद हुए पीएम मोदी के मुरीद! नीतीश कुमार से कर डाली बगावत, जाति के नाम पर दिखा दिया आईना



**पटना, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बीजेपी ने प्रचंड बहुमत से सरकार बना ली है। कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में जीत मिली है। कांग्रेस के इस बुरे प्रदर्शन के बाद अब सियासत तेज है। एक तरफ जहां आईएनडीआईए के घटक दल कांग्रेस पर तल्ख टिप्पणी कर रहे हैं तो वहीं जेडीयू के एक सांसद ने तो अपनी ही पार्टी से बगावत कर दी है। नीतीश कुमार जहां दिन-रात प्रधानमंत्री मोदी को कोसते नहीं थकते। वहीं, दूसरी ओर उन्हीं के सांसद मोदी की खूब तारीफ कर रहे हैं। जेडीय के सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि चार राज्यों के चुनाव परिणामों में साफ दिख रहा है कि मोदी का मैजिक चला है। चार राज्यों में से तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड बहुमत से अपनी सरकार बनाई है। उन्होंने आगे कहा कि जो नारा भाजपा ने दिया है कि मोदी है तो मुमकिन है और मोदी का मैजिक है, पूरी तरह से सही साबित हुआ है। चुनाव परिणाम में यही देखने को मिला है। उन्होंने कहा जनता ने बीजेपी के नारे पर अपनी मुहर लगा दी है। जनता ने बता दिया है कि मोदी का मैजिक है। पीएम ने चार जातियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनके लिए सिर्फ 4 जातियां महत्वपूर्ण हैं और वो हैं, गरीब-युवा-महिला-किसान। इस पर सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि यह बात तो सही है कि आज देश को आजाद हुए 70 साल से ज्यादा हो चुके हैं, परंतु आज भी हमारे किसानों की स्थिति खराब है। युवाओं के पास भी रोजगार नहीं है। मोदी जी का यह प्रयास सही है।जेडीयू सांसद ने कहा कि जब तक यह चार जातियां ऊपर नहीं आएंगी, तब तक हम देश का विकास नहीं कर पाएंगे। देश से गरीबी को हटाना बहुत जरूरी है। अगर 2027 तक विकसित राज्य बनना है तो यह तभी संभव होगा जब इन 4 जातियों पर सरकार फोकस करेगी।

# 10 दिसंबर को चिराग पासवान आईटीआई मैदान में करेंगे जनसंवाद, धरातल पर उतरने को तैयार बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट



**नवादा, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस कर लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना ने कहा कि पार्टी की आहूत जनसंवाद कार्यक्रम में 10 दिसंबर को आईटीआई मैदान नवादा में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई के सांसद चिराग पासवान आ रहे हैं। पहले भी गांधी स्कूल में जनसंवाद कार्यक्रम हुआ था, उसी कड़ी को बढ़ाते हुए एक और वृहद जनसंवाद आम लोगों के बीच होना है, जिसमें लोगों के बीच मे अपना विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का सोच रखेंगे। जिसमें वो देश के लिये क्या सोचते हैं, बिहार के लिये क्या सोच है नवादा के लिये क्या सोचते हैं।

इस विजन को जन जन तक पहुंचाना है। बिहार में पीएम नरेंद्र मोदी व चिराग की जोड़ी को 40 की 40 सीटें जीत के रूप में मिलेंगी। सात दिसम्बर को जिला कार्यकारणी की बैठक जिला अध्यक्ष मनोज सिंह की अध्यक्षता में होगी। प्रेस कांफ्रेंन्स में जिला अध्यक्ष मनोज कुमार,नगर अध्यक्ष उचित नारायण शर्मा, विपिन सिंह, चंद्रमौलि सिंह, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष नीरज कुमार, बंटी उपस्थित थे।

# गुजरात की दो महिलाओं ने दुबई सम्मेलन में दर्ज कराई दमदार मौजूदगी पेश किए जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पारंपरिक समाधान

**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

वैश्विक जलवायु सम्मेलन में गुजरात की दो महिलाओं ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के पारंपरिक समाधान पेश किए। देसी परिधान पहनकर संगीताबेन राठौड़ और जसुमतिबेन जेठाबाई परमार ने शक्तिशाली पारंपरिक समाधानों के साथ जलवायु सम्मेलन में दमदार मौजूदगी दर्ज कराई। इससे पहले कभी अपने गृह राज्य गुजरात से बाहर नहीं निकलीं अरावली की राठौड़ और जेतापुर की परमार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए व्यावहारिक समाधान पेश किए जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर धूम मचा रहे हैं। अपने पारंपरिक ज्ञान के बलबूते वे नीम की पत्तियों और गौमूत्र का इस्तेमाल कर जैविक खाद एवं कीटनाशक बना रही हैं, जिसने न केवल वर्षों तक उनकी फसलों को बचाकर रखा है बल्कि पूरे भारत में महिला किसान इसे अपना रही हैं। इससे रासायनिक खाद का एक सतत विकल्प मिला है। राठौड़ ने कहा कि मैंने जलवायु परिवर्तन के कारण भारी नुकसान झेलने के बाद स्थानीय समाधान की तलाश करने की ठानी। मुझे 2019 में 1.5 लाख रुपये से अधिक की गेहूं की फसल का नुकसान हुआ। उसके बाद हमने समस्या पर गौर करना शुरू किया और हमें पता चला कि बदलती जलवायु के कारण कीटों का हमला काफी ज्यादा बढ़ गया है और रासायनिक कीटनाशकों का असर नहीं हो रहा है।

इसके बाद हमने पारंपरिक समाधानों का रुख करने की सोची जिसका हमारे पूर्वज इस्तेमाल करते थे, जिसमें नीम की पत्तियां और गौमूत्र शामिल है। संगीताबेन और जसुमतिबेन ने अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के साथ भी अपने विचार साझा किए और जलवायु परिवर्तन के कारण भारतीय महिला कामगारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। स्वाश्रयी महिला सेवा संघ (सेवा) की निदेशक रीमा नानावती ने भी जलवायु परिवर्तन के कारण भारतीय महिला कामगारों के सामने आने वाली चुनौतियों का उल्लेख किया। वैश्विक जलवायु वार्ता में 198 देशों के 1,00,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन डाईडाक्साईड उत्सर्जन 2022 में लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर दो टन तक पहुंच गया, लेकिन यह अब भी वैश्विक औसत से आधे से कम है। मंगलवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक समूह ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट के अनुसार अमेरिका प्रति व्यक्ति उत्सर्जन के मामले में पहले स्थान पर रहा, जहां हर व्यक्ति ने 14.9 टन कार्बन डाईआक्साईड (सीओ2) उत्सर्जन किया। इसके बाद रूस 11.4 टन, जापान 8.5 टन, चीन 8 टन और यूरोपीय संघ (ईयू) में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 6.2 टन रहा। वैश्विक औसत 4.7 टन है। डब्ल्यूएमओ जलवायु सम्मेलन में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन की बिगड़ती स्थिति के चलते भारत के लिए 2011-2020 का दशक बाढ़ और सूखे की चपेट में रहा। रिपोर्ट में कहा गया कि 2023 रिकॉर्ड में सबसे गर्म वर्ष होगा। रिपोर्ट के अनुसार, दशक 2011-2020 के दौरान सूखे का काफी अधिक सामाजिक-आर्थिक और मानवीय प्रभाव पड़ा। स्वयं भारत में, 28 राज्यों में से 11 में सूखा घोषित किया गया, जिससे खाद्य और जल असुरक्षा पैदा हो गई। इस दौरान भारत में सर्वाधिक भीषण बाढ़ आने का घटनाक्रम भी हुआ और भारी बारिश, पर्वतीय बर्फ के पिघलने तथा हिमनद झील के फटने से उत्तराखंड में अत्यधिक बाढ़ और भूस्खलन में 5,800 से अधिक लोग मारे गए।

## हैवानियत की सारे हदें पार, बस में महिला से सामूहिक दुष्कर्म, छीनी नकदी

**जम्मू।** शहर के बीसी रोड केसी चौक में महिला के साथ तीन लोगों द्वारा बस में सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपितों ने वारादत के दौरान महिला से 15 हजार रुपये की नकदी को भी छीन ली। पीड़ित महिला अपनी एक वर्षीय बच्ची के साथ थी।उसकी शिकायत पर बस स्टैंड पुलिस थाने में दुष्कर्म और नकदी छीनने का मामला दर्ज किया है। एसडीपीओ सिटी सुनील केसर ने बताया कि बस स्टैंड पुलिस ने इस मामले में दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस बस को भी जब्त कर लिया, जिसमें महिला के साथ दुष्कर्म होने की बात कही जा रही है। थाने में दर्ज शिकायत में पीड़ित महिला के पति ने बताया कि वह मूल रूप से जिला रामबन का रहने वाला है और इन दिनों जम्मू में श्रमिक का काम करता है। उसकी पत्नी एक वर्षीय बच्ची के साथ अपने मायके, जो रामबन में है, गई हुई थी। बीते सोमवार को वह रामबन से बस में सवार होकर जम्मू आ रही थी। रात दस बजे उसकी पत्नी ने फोन कर बताया कि वह केसी चौक में पहुंच गई है। इसके बाद उसकी पत्नी का फोन बंद हो गया। वह अपनी पत्नी का इंतजार करता रहा। रात एक बजे उसकी पत्नी ने किसी राहगीर के फोन से उसे फोन कर बताया कि जिस बस में वह जम्मू आई थी।



## बॉलीवुड नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं अभिनेत्री अनीशा मधोक

बुली हाई में अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री अनीशा मधोक ने कहा कि उन्हें इसकी परवाह नहीं है कि सभी भूमिकाएं स्टार किड्स को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने लिए मौके खुद बनाएंगी।

मनोरंजन उद्योग में जब सही अवसर पाने की बात आती है तो नेटवर्किंग और संदर्भ मायने रखते हैं। योग्यता के साथ भाग्य का भी अपना मूल्य है, लेकिन प्राथमिकता के अनुसार संपर्क वाले अभिनेता को अक्सर अवसर मिलता है।

अभिनेत्री ने कहा, यदि प्रतिभा कड़ी मेहनत नहीं करती तो कड़ी मेहनत प्रतिभा को हरा देती है। हालांकि मुझे अपने देश के बजाय वैश्विक फिल्म उद्योगों में अधिक अवसर मिले हैं। मुझे नहीं लगता कि यहां मेरी प्रतिभा को महत्व दिया जाता है और मैंने उससे समझौता कर लिया है। मुझे इसकी परवाह नहीं है कि सारी भूमिकाएं भाई-भतीजावाद के पास चली जाएंगी, मैं अपने अवसर खुद बनाऊंगी।

अनीशा ने साझा किया, मुझे भाई-भतीजावाद के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना है। यह बॉलीवुड में हर जगह है। मुझे लगता है कि मैं किसी से भी दोस्ती कर सकती हूं, इसलिए मैं कई स्टार किड्स से दोस्ती करती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि बॉलीवुड को सीमित कलात्मक प्रयासों तक सीमित रहने के बजाय प्रतिभा खोज के वैश्विक स्तर पर कूदना चाहिए और जब तक ऐसा नहीं होता, मैं वैश्विक फिल्म उद्योगों पॉलीवुड और टॉलीवुड से जुड़ी रहूंगी।

उन्होंने हाल ही में उमराव जान फेम मुजफ्फर अली के लिए एक म्यूजिकल प्ले आनंद भी किया था।

उन्होंने कहा, मैं लॉस एंजिल्स में एक नाटक में अभिनय कर रही थी और दर्शकों के बीच बैठे फिल्म निर्माता बिल मैकएडम्स जूनियर की नजर मुझ पर पड़ी। उन्होंने मुझे मेरी पहली स्वतंत्र हॉलीवुड फिल्म में मुख्य भूमिका में लिया। मेरा मानना है कि व्यक्ति को वही करते रहना चाहिए जो उसे पसंद है।

## साड़ी में पलक तिवारी के बोल्ड अवतार ने मचाया तहलका

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी ग्लैमरस दुनिया में आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. बेहद ही कम समय में पलक ने इस मुकाम को हासिल किया है. एक्ट्रेस ने अभी हाल में अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं. पलक तिवारी अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए हुए हैं. पीली साड़ी एयर डीप नेक ब्लाउज में उनकी कुछ तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं. एक्ट्रेस अपनी अदाओं और अदाएगी से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए रहती हैं. उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर धमाल मचाती हैं. पीले कलर की साड़ी में पलक तिवारी बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं. उनके इस पोस्ट पर फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं. एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज और मनमोहक स्माइल से सभी का दिल घायल कर देती हैं. पलक तिवारी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं. वहीं, फैंस को उनकी तस्वीरें काफी पसंद आती हैं. पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्?ग किया है. ये गाना इतना पॉपुलर हुआ कि उनका नाम फैंस बिजली गर्ल ही बुलाने लगे.



# बहुत कोशिश के बाद भी नहीं हो रहा वेट लॉस तो जानें कौन सी बीमारियां कभी वजन नहीं होने देती है कम

**बहुत से लोग वजन कम करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन कुछ को अपना वजन कम करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. ऐसे में अक्सर यह सवाल उठता है कि आखिर कौन सी वे बीमारियां हैं जो हमारे शरीर को वजन घटाने से रोकती हैं. कुछ स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं जो हमारे शरीर के मेटाबॉलिज्म और हार्मोनल संतुलन को बाधित करती हैं जिससे वजन कम कर पाना मुश्किल हो जाता है. ये बीमारियां हमारे शरीर के मेटाबॉलिज्म क्रिया को धीमा करके या भूख बढ़ाकर वजन कम होने से रोकती हैं. अगर आपको लगता है कि वजन घटाने के लिए आप कितनी भी कोशिश क्यों न करें, वजन कम नहीं हो रहा है तो हो सकता है कि आप इन बीमारियों का शिकार हो.**



थायरॉयड

थायरॉयड हार्मोन की वजह से हाइपरथायरॉयडिज्म बीमारी होता है जिससे भी वजन कम करना कठिन हो जाता है. व्यक्ति चाहकर भी अपना वजन कम नहीं कर पाता. क्योंकि थायरॉयड हार्मोन की अधिक होने से लोगों का मोटापा बढ़ता है. थायरॉयड के संतुलन के बिना शरीर का वजन, चाहे वह कम हो या ज्यादा, नियंत्रित नहीं रह पाता. अत: थायरॉयड की समस्या वजन घटाने में एक बड़ी बाधा बनती है.

पीसीओएस

पीसीओएस यानी पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम एक आम समस्या है जो महिलाओं में देखी जाती है. पीसीओएस वाली महिलाओं के शरीर में इन्सुलिन नामक हार्मोन ज्यादा होता है. इन्सुलिन की वजह से खाने से मिलने वाली कैलोरी जल्दी वसा में बदल जाती है. यानी मोटापा बढ़ने लगता है. इसके अलावा, हार्मोन्स में असंतुलन होने से पीसीओएस में शरीर की सामान्य प्रक्रियाएं भी बिगड़ जाती हैं. इनमें से एक मेटाबॉलिज्म कहलाने वाली प्रक्रिया है. इन सब कारणों से, पीसीओएस वाली महिलाएं डाइट पर कंट्रोल और एक्सरसाइज करने के बाद भी वजन नहीं घटा पातीं.

कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स

कॉर्टिकोस्टेरॉयड शरीर में मौजूद एक प्रकार का हार्मोन होता है, जो स्ट्रेसफुल स्थितियों में अतिरिक्त मात्रा में बनता है. इस हार्मोन की अधिकता से कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं, जिनमें से एक है - वजन बढ़ना और फिर वजन कम करने में परेशानी. एक बार जब व्यक्ति मोटा हो जाता है तो फिर कॉर्टिकोस्टेरॉयड के कारण उसे अपना वजन कम करने में बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है. यही कारण है कि कॉर्टिकोस्टेरॉयड की अधिकता वाले लोग आसानी से वजन नहीं कम कर पाते.

डिप्रेशन

डिप्रेशन के कारण कुछ लोगों की भूख कम हो जाती है, जबकि कुछ लोग अधिक खाने लगते हैं. जो लोग अधिक खाते हैं, उनमें तेज़ी से वजन बढ़ने लगता है. डिप्रेशन में शरीर में सेरोटोनिन नामक हार्मोन कम हो जाता है, जो भूख और मूड को नियंत्रित करता है.

# आत्मबल को मजबूत करे, सिरदर्द के लिए नहीं खानी पड़ेगी दवाई


गुस्सा आना एक सामान्य बात है. जो लोग अक्सर शांत रहते हैं उन्हें भी कभी-कभी गुस्सा आ जाता है. लेकिन बार-बार गुस्सा आना एक समस्या है. कई बार हम देखते हैं कि लोगों का गुस्से में खुद पर काबू नहीं रहता.

कभी-कभी लोग क्षणिक गुस्से में कुछ ऐसा कर बैठते हैं जिसका बाद में उन्हें पछतावा होता है. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि गुस्सा आने का बायोलॉजिकल कारण क्या होता है. गुस्से के इस दौरान हमारे शरीर में,दिमाग में किस तरह के बदलाव आते हैं. अपने इस आर्टिकल में हम आपको इसी के बारे में जानकारी देंगे-

ये हार्मोन है जिम्मेदार

गुस्से के लिए जिम्मेदार हार्मोन की अगर बात करें तो सेरोटोनिन हार्मोन इसके लिए जिम्मेदार है. सेरोटोनिन की कमी के चलते लोगों को ज्यादा गुस्सा आता है. इसकी कमी को हेल्दी फूड से दूर किया जा सकता है. आपको यह जानकर दिलचस्प लगेगा कि हमारे शरीर में गुस्से के अलावा प्यार,खुशी,भावुकता जैसे इमोशन इन सबको हार्मोन कंट्रोल करते हैं.

गुस्से से क्या पड़ता है प्रभाव- गुस्सा हमारे शरीर और दिमाग को नकारात्मक तौर पर प्रभावित करता है. इसकी वजह से मन अशांत रहने लगता है. ब्लड प्रेशर,तेज हार्टबीट गुस्से की वजह से होने लगते हैं. गुस्सा आने पर शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा भी कम हो जाती है.



कैसे करें गुस्से पर काबू- गुस्सा काबू करने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि तुरंत शांत होकर कहीं एकांत में चले जाएं. गुस्सा आने पर खुद का ध्यान उस बात से भटाकाना बेहतर होगा जिसकी वजह से आपको गुस्सा आ रहा है. खानपान का असर भी गुस्से पर पड़ता है ऐसे में नशीली चीजों का सेवन ना करें. फल,जूस,पौष्टिक खाना खाकर आप अपने गुस्से की समस्या को कम कर सकते हैं.

डॉक्टर की ले सकते हैं सलाह

अगर आपको छोटी-छोटी बातों में गुस्सा आता है तो यह एक बड़ी समस्या है. आप इससे निपटने के लिए किसी मनोचिकित्सक की सलाह ले सकते हैं. इस दौरान यह जरूरी है अपने गुस्से की आदत को आप चिकित्सक को खुले तौर बिना किसी हिचक के बताएं.

## नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ की मस्त में रहने का का ट्रेलर जारी

बॉलीवुड के दादा जैकी श्रॉफ काफी लंबे समय के बाद फिल्मी दुनिया में वापस लौट रहे हैं. फिल्म मस्त में रहने का से जैकी श्रॉफ कमबैक करने जा रहे हैं. इस फिल्म में जैकी श्रॉफ के साथ नीना गुप्ता लीड रोल में नजर आने वाली हैं. जैकी श्रॉफ और नीना गुप्ता के बीच काफी खूबसूरत केमिस्ट्री दिखाई गई है. फिल्म का ट्रेलर अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया है. जैकी श्रॉफ मस्त में रहने का फिल्म से वापसी कर रहे हैं. ये फिल्म लाइफ को जीने का तरीका सिखा रही है. यह फिल्म उम्र के साथ-साथ सामाजिक स्थिति के बारे में भी बता रही है. साथ ही ट्रेलर से ये भी बताया जा रहा है कि कैसे लाइफ की एक घटना पूरी-की-पूरी जिंदगी बदल देती है. ट्रेलर दर्शकों को उनकी जिंदगी के पलों की भी याद दिला सकता है. साथ ही लाइफ को लेकर सोचने पर भी मजबूर कर देने वाला है. फिल्म में दो लोगों की लाइफ की चीजें कैसे बाकी लोगों को भी उनकी जिंदगी से जोड़ती हैं, ये इस फिल्म में देखना होगा. जब एक व्यक्ति सिर्फ खुद के लिए एक अलग पहचान बनाने के लिए दुनिया की यात्रा पर निकल रहा है, और दूसरा जहां एक व्यक्ति जीवन की पराकाष्ठा पर होता है. इस बारे में भी फिल्म में बताने की कोशिश की जा रही है.मस्त में रहने का फिल्म पर जैकी श्रॉफ ने कहा, मैं एक अभिनेता के रूप में हमेशा वो किरदार ढूंढ़ता रहा हूं, जो मुझे कलाकार के रूप में मेरी काबिलियत को परखने में मदद करते हैं. मेरे लिए नो किरदार मायने रखते हैं, जो अलग होते हैं. जब मस्ती में रहने का की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं यह देखकर खुश हो गया कि कहानी कितनी अनोखी है और इस फिल्म में काम करते हुए मुझे बहुत मजा आया.वहीं, नीना गुप्ता ने भी फिल्म मिलने पर अपनी बात जाहिर की. नीना गुप्ता ने कहा, हर कोई अपने तरीके से जीना चाहता है, अपनी यात्रा की बागडोर अपने हाथों में लेकर, लेकिन हर बार सब कुछ वैसा ही नहीं होता. जब मैंने कहानी सुनी, तो मैं बहुत प्रभावित हुई और मुझे किरदार को स्क्रीन पर निभाने की इच्छा महसूस हुई.





# बिग बी, राजेश खन्ना, शाहरुख जैसे दिग्गज हीरों के काम से आकर्षित होकर बड़ा हुआ हूं: आयुष्मान खुराना

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना ने बताया कि कैसे बड़े होने के दौरान सिनेमा उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा था और कहा कि वह अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, शाहरुख खान, अनिल कपूर, सलमान खान और आमिर खान जैसे दिग्गज हीरों के काम से आकर्षित होकर बड़े हुए।

आयुष्मान ने कहा कि वह बड़े पर्दे पर हीरो बनने के अपने बचपन के सपने को जी रहे हैं।

विक्की डोनर फेम अभिनेता ने कहा, मुझे याद है कि मैं हर बार सिनेमाघरों में जाने को लेकर बेहद उत्साहित रहता था। मुझे वह दुनिया बहुत पसंद आई जिसमें फिल्में मुझे ले गईं। मैंने हीरो को आदर्श माना। हम हमेशा टीवी पर फिल्में भी देखते थे। सिनेमा हमेशा से हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

उन्होंने आगे कहा, मैं अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, शाहरुख खान, अनिल कपूर, सलमान खान, आमिर खान जैसे कुछ महान हीरों के काम से आकर्षित होकर बड़ा हुआ हूं! मैं भी बड़े पर्दे का हीरो बनना चाहता था। इसलिए, मैं अब अपना सपना जी रहा हूं और मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने अपने लिए एक जगह बनाई है।

उन्होंने कहा, इंडस्ट्री ने मेरा शानदार स्वागत किया है और दर्शकों ने मुझे बहुत प्यार दिया है। मैं तहे दिल से इसका सम्मान करता हूं।

एक्टर आभारी हैं कि उनके माता-पिता ने उन्हें हिंदी फिल्म के हीरो बनने के सपने को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, फिल्मों के प्रति प्यार ने ही मुझे कॉलेज में थिएटर करने के लिए प्रेरित किया। इसने मुझे मुंबई खींच लिया, जहां मैंने नाम कमाने की कोशिश की, सालों तक संघर्ष किया, जब मेरी फिल्में चलीं तो खुशी से रोया। मेरे दिल-दिमाग में फिल्मों के प्रति प्यार पर्याप्त नहीं होता तो मैं शहर या इंडस्ट्री में टिक नहीं पाता।

आयुष्मान ने आगे कहा, जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मैं खुद को आभारी महसूस करता हूं कि मैं सिनेमा में बड़ा हुआ हूं और कैसे मेरे माता-पिता ने मुझे अपने सपने को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें आखिरी बार एन एक्शन हीरो में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म लवबर्ड्स पाइपलाइन में है।

## शब्द सामर्थ्य -264


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 263 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर के साथ रिलीज होगा बड़े मियां छोटे मियां का टीजर



आने वाले दिनों में टाइगर श्रॉफ एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। बड़े मियां छोटे मियां 2 उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है।इसमें अक्षय कुमार भी मुख्य भूमिका हैं।अब फिल्म के टीजर से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां 2 का टीजर ऋतिक रोशन की फाइटर के साथ जारी किया जाएगा। यह फिल्म 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी। बड़े मियां छोटे मियां 2 का टीजर एक्शन से लबरेज होगा। इसी के साथ फिल्म का प्रचार शुरू होगा।यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म सुल्तान और भारत के बाद अली अब्बास जफर की तीसरी ईद रिलीज होगी।इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। इसका निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख ने किया है।फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां 2 के अलावा टाइगर सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं।इसमें रणवीर सिंह, करीना कपूर, अजय देवगन, अक्षय कुमार और दीपिका पादुकोण भी हैं।अक्षय की फिल्मों की बात करें तो वह वर्तमान में फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 की शूटिंग में व्यस्त हैं।इसके अलावा अभिनेता स्काई फोर्स का हिस्सा हैं। मराठी फिल्म वेदत मराठे वीर दौडले सात भी अक्षय के खाते से जुड़ी है।

# प्रेमिका की हत्या कर शव छिपाया, प्रेमी गिरफ्तार

## अनुसंधान के साथ पुलिस ने ऐसे किया मामले का खुलासा



**सूरजपुर।** चौकीदार फलेश्वर सिंह ने चौकी तारा में सूचना दिया कि जर्नादनपुर के छोटे जरगा जंगल में एक अधजला शव देखा गया है, इस सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला को अवगत कराने पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों सहित एफएसएल व डॉग स्क्वार्ड की टीम को मौके पर भेजते हुए बारीकी से साक्ष्य संकलन करने के निर्देश दिए।

घटना स्थल और शव के निरीक्षण पर प्रारंभिक दृष्टया मामला हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्धेश्य से शव को जलाए जाने का प्रतीत हुआ। शव पंचनामा के बाद अज्ञात मृतिका की पहचान में लग गई इसी बीच मृतिका की पहचान लखनपुर निवासी 20 वर्षीय युवती के रूप में हुई। जांच में पाया गया कि मृतिका दिनांक 30/11/23 को अपने घर से दीदी के यहां जा रही हूँ कहकर निकली थी। मर्ग कायमी उपरान्त अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 139/23 धारा 302, 201 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने जघन्य हत्याकाण्ड को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु लगाया। चौकी तारा पुलिस ने विवेचना के दौरान पाया गया कि मृतिका का अतवार साय ग्राम वृन्दावन, चौकी उमेश्वरपुर से पिछले 2 वर्षो से प्रेमसंबंध था जिसके बाद चौकी तारा पुलिस के द्वारा संदेही आरोपी अतवार साय की खोजबीन प्रारंभ किया जो फरार चल रहा था जिसे नागपुर महाराष्ट्र में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि 2 वर्षो से मृतिका से प्रेमसंबंध था जो इसे बार-बार शादी करने का दबाव बना रही थी तब यह मृतिका को जान से मारने की योजना बनाकर 30 नवम्बर को उसे बुलाया और दोनों उदयपुर में मिले वहां से मोटर सायकल में बैठाकर मृतिका को जर्नादनपुर छोटे जरगा जंगल ले गया जहां पर शादी करने की बात को लेकर दोनों में विवाद-हाथाबाही हुआ तब यह मृतिका का गला दबाकर हत्या कर दिया और मृतिका की पहचान न हो साक्ष्य छुपाने की नियत से पेट्रोल डालकर मृतिका का जला दिया और वहां से भाग गया। आरोपी के निशानदेही पर मृतिका का सीम कार्ड, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल, पेट्रोल निकालने में प्रयुक्त पानी का बोतल जप्त कर आरोपी अतवार साय पिता फुलसाय उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम वृन्दावन, चौकी उमेश्वरपुर, थाना प्रेमनगर को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, थाना प्रभारी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी तारा योगेन्द्र जायसवाल, एएसआई विरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक बंधूराम सारथी, दिलेश्वर पैंकरा, आरक्षक विक्रम मिंज ओमप्रकाश सिंह, पंकज राजवाड़े, छत्रपाल सिंह, महिला आरक्षक भारती राजवाड़े व डामनिया राजवाड़े सक्रिय रहे।

## जिले के विकास को लेकर हुई चर्चा

**सूरजपुर।** जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में सर्व विभाग प्रमुख की उपस्थिति में समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुये अपने-अपने विभाग से संबंधित ऐसा प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा जिससे आम जनता तक शासकीय योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से पहुंच सके, यह सुनिश्चित हो। साथ ही प्रत्येक विभाग में कुछ इस तरह के बड़े प्रस्ताव तैयार करने के लिये कहा गया जिससे लोगों की सुविधाओं में और बढ़ोत्तरी हो सके। प्रपोजल में मूलभूत आवश्यकताओं और जिले के विकास को मुख्य रूप से केंद्रित पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा जिले की समृद्धि के लिए प्रशासन का प्रत्येक अमला सजग और सतर्क होना चाहिए। प्रत्येक योजना में शत प्रतिशत परिणाम मिले इसके लिए सुव्यवस्थित व योजनाबद्ध तरीके से प्रत्येक विभाग कार्य करेंगें। उन्होंने उपस्थित जनों को स्पष्ट किया कि प्रत्येक कार्य पुख्ता हो इस बात की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

# मोदी की गारंटी पर प्रदेशवासियों को भरोसा



**कोरिया बैकुंठपुर।** रविवार 3 दिसम्बर छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़वासियों के लिए यह यादगार तिथि इतिहास में दर्ज हो चुका है। रविवार, भोर की लालिमा के उगते ही प्रदेश में सुबह 8 बजे जिस तरह से ईवीएम से 17 नवम्बर को हुए मतदान की मतगणना परिणाम आना शुरू हुआ तो दोपहर 12 बजे के करीब मोदी की गारंटी पर लगा हुआ मुहर दिखने लगा और सूर्यास्त के पहले छत्तीसगढ़वासियो ने मोदी की गारंटी पर पूर्ण भरोसा जता दिया। देश की यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी और देश के माननीय गृहमंत्री श्री अमितशाह की नीति, नीयत और हर निर्णय देशवासियों के हित के लिए जी-जान से जुटे हैं ताकि हर देशवासी सहयोग, सुरक्षा, सामर्थ्य व स्वावलम्बन के बल पर जीवन जी सके। निश्चय ही छत्तीसगढ़ महतारी और भारत माता के आशीर्वाद से आज केन्द्र सरकार की योजनाएं सिर्फ सरकारी दफ्तर में नहीं बल्कि खेत-खलिहान, अस्पताल, कॉलेज, स्कूल, आंगनवाड़ी, सड़क, पुल-पुलिया, बिजली घर, बांध, परिवहन आदि में भी दिखाई पड़ रही है। हर सर को पक्का छत, हर पेट को भोजन, हर हाथ को काम, भय, डर के बिना जीवन-यापन व राष्ट्रीय एकता के लिए, लिए गए हर निर्णय दूरदर्शी और ऐतिहासिक बना। अपने संकल्प और अडिग निर्णय के लिए पूरे देश में माननीय मोदी जी की पहचान और जो छवि निर्मित हुए हैं वह सिर्फ विगत 10 साल का नहीं बल्कि करीब 40 दशक के अथक परिश्रम, जुनून, संयम से बने हुए हैं। देश के लिए जीने वाले लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के करिश्माई व्यकितत्व व कृतित्व देश व विदेश में भी डंका बज रहा है। देशवासियों को गर्व महसूस हो रहा कि उनके देश का मुखिया साधारण घर से निकले बेटे ने वो असाधारण उपलब्धियां हासिल की है, जिसका वह हकदार है और उनके करिश्माई व्यक्तित्व से प्रेरणा भी हमारे देश के हर नवजवान लेने को लालायित हैं। निश्चित ही छत्तीसगढ़ में सूरज की तरह विकास चमकेगा, लोगों के कोमल मन में संवेदना के फूल खिलेगा, अन्नदाताओं और माताओं को मोदी जी गारण्टी पर भरोसा है और रहेगा!

# लावारिस खड़ी लग्जरी वाहन पजेरो से 368 किलो गांजा बरामद



**अंबिकापुर।** मध्यप्रदेश सीमा से लगे बलरामपुर जिले की रघुनाथनगर थाना पुलिस ने लावारिश खड़ी लग्जरी वाहन पजेरो से 368 किलो गांजा बरामद किया है। गांजा तस्कर द्वारा वाहन पंक्चर हो जाने के कारण एक ग्रामीण के घर के सामने वाहन को खड़ा कर दिया गया था। पजेरो में सवार एक व्यक्ति नीचे उतर मुख्य मार्ग में पहुंच दूसरी वाहन से अंबिकापुर की ओर चला गया। पुलिस अब वाहन के नंबर के आधार पर गांजा तस्करी में संलिप्त लोगों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार बीते दो दिसंबर 2023 को रघुनाथनगर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कमलपुर में पजेरो लग्जरी वाहन का टायर पंचर है। वाहन संदिग्ध रूप से गांव के ही हिरामन गोंड के घर के सामने खड़ी है। सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी रघुनायनगर तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।ग्राम कमलपुर में हीरामन के घर के सामने पजेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 सीजेड 5715 की खड़ी थी। तलाशी लेने पर पजेरो वाहन के अन्दर प्लास्टिक के पीले, सफेद रंग की 10 बोरी मिली। प्रत्येक बोरी में खाखी रंग के पेपर के पैकेट भरे हुए थे। इसे सेलो टेप से पैक किया गया था। कुल 300 से अधिक पैकेट में से एक पैकेट को खोला गया तो पुलिस भी अवाक रह गई। पैकेट में गांजा भरा हुआ था। कुल 386 पैकेट में 368.600 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसकी अनुमानित कीमत पुलिस ने76 लाख बताई है।फरार आरोपित वाहन चालक व वाहन स्वामी का यह कृत्य धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर प्राथमिकी की गई है।रघुनाथनगर पुलिस टीम वाहन के आधार पर आरोपितों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। आरोपितों के संबन्ध में अभी सही जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस ने बताया कि वाड्रफनगर-बैढ़न मुख्य मार्ग पर कमलपुर ग्राम स्थित है। मुख्य मार्ग से लगभग 300 मीटर की दूरी पर हीरामन का घर है।पजेरो वाहन को मुख्य मार्ग के बजाय बस्ती की ओर जाने वाली सड़क पर ले जाकर घर के सामने खड़ा किया गया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि वाहन के पंचर हो जाने के कारण ही मुख्य मार्ग के बजाए भीतर ले जाकर गाड़ी खड़ी कर दी गई थी ताकि किसी को पता न चल सके।

# छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर सहित रमन सिंह से कृष्ण बिहारी जायसवाल और विधायक भईया लाल राजवाड़े की सौजन्य मुलाकात



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश राजस्थान में विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा की धुंआधार जीत के बाद अब जहां तीनो राज्यों की राजधानी की सियासी हलचल तेज हो गई है।और सभी नव निर्वाचित विधायको की मैराथन बैठकों की शुरुआत हो चुकी है।तो वहीं सभी को दिल्ली दरबार के फैसले का भी बेसब्री से इंतज़ार है।

जिसको लेकर कह सकते हैं कि राजधानी तलब हुए विधायकों में यह भी संसय व्याप्त है की राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में किसका चेहरा तय होगा।और किसे सर्वसहमति से विधायक दल का नेता चुना जायेगा।किसे मिलेगा मंत्रालय तो किसे सिर्फ बतौर विधायक संतुष्ट होना पड़ेगा।इन सब पहलुओं के बीच राजनीतिज्ञों की आपसी तर्क वितर्क का दौर भी अपनी अलग भूमिका में देखा और सुना जा रहा है। बात करें तो छत्तीसगढ़ के राजधानी पहुंचे विधायकों को प्रतीक्षा है तो विधायक दल के नेता चुने जाने को लेकर और जिसको लेकर अब भी किसी प्रकार की कोई शुरुआत नही हो सकी है बहरहाल अब भी छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित विधायक राजधानी में विराजमान हैं और हाईकमान दिल्ली दरबार के फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं।आपको बता दें कि कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा सीट से नव निर्वाचित भाजपा विधायक भईया लाल राजवाड़े,कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,भटगांव विधायक श्री मति लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी, एम सी बी जिले के मनेंद्रगढ़ विधान सभा क्षेत्र से नव निर्वाचित भाजपा विधायक श्याम बिहारी जायसवाल,सहित कोरिया प्रेस क्लब के अध्यक्ष कमलेश शर्मा की राजधानी रायपुर में भाजपा के दिग्गज नेताओं से सौजन्य मुलाकात संपन्न हो चुकी है।जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी ओम माथुर,छत्तीसगढ़ भाजपा के संगठन मंत्री पवन साय,पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से सभी की मुलाकात पश्चात कोरिया की टीम के साथ पहुंचे सूरजपुर के दो विधायकों को नेताओं के द्वारा जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी गई। मुलाकात के दौरान भाजपा कोरिया के जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के द्वारा कोरिया जिले की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य और हालातों के मद्देनजर बड़े नेताओं से पहलुओं को साझा भी किया गया।

## अब देर रात तक नहीं खुलेंगी राजधानी की दुकानें

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में अब देर रात तक दुकानें नहीं खुली रहेंगी। शहर में अब रात 11 बजे तक बाजार बंद होगा। इसके साथ ही अवैध अतिक्रमणों पर भी तेजी से कार्रवाई होगी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति पर अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में एस एस पी प्रशांत अग्रवाल ने कानून व्यवस्था संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस के अधिकारियों सहित नगर निगम रायपुर और बीरगांव के अधिकारी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने रायपुर शहर में यातायात को भी सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों के किनारे लगी गुमठियों और अस्थायी दुकानों, ठेलों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए ताकि इनसे लोगों को आने-जाने में होने वाली परेशानी और भीड़ के कारण लगने वाले जाम से निजात मिल सके। सड़कों और स्कूलों के आस-पास अवैध रूप से संचालित पान ठेलों, अस्थायी दुकानों और गुमठियों को हटाने के निर्देश भी दिए।

# इंदौर से घूमने आई महिला मैनपाट के जलजली झरने के पास गिरी, टूटा पैर



**अंबिकापुर।** मैनपाट के जलजली के नजदीक झरने के पास महिला फिसल कर खाई में गिर गई। घायल महिला अदिति गुप्ता (21) ,पति राहुल गुप्ता व बच्चे के साथ मैनपाट घूमने आई थी। मूलतः इंदौर के लहसुड़िया थाना अंतर्पागत निपानिया की रहने वाली अदिति के पति ने रायपुर से वाहन किराए पर लिया था। मंगलवार को मैनपाट के कई स्थलों का भ्रमण कर वे जलजली पहुंचे थे।

यहां स्पोर्टस बाइक राइडिंग करते हुए तीनों कच्ची सड़क से झरने के नजदीक पहुंच गए। हल्की बारिश के कारण कच्ची सड़क कीचड़ में बदल गई है। झरने के पास खूबसूरत दृश्य को देखकर महिला व परिवार के सदस्य सेल्फी ले रहे थे। अचानक महिला का पैर फिसल गया। वह रगड़ खाते हुए लगभग 10 से 15 फीट गहरी खाई में गिर गई। कठिन भौगोलिक परिस्थिति वाला क्षेत्र होने के कारण महिला को तत्काल बाहर निकालना संभव नहीं था। घटना के समय आसपास कोई नहीं था। पति ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मदद की गुहार लगानी शुरू कर दी। आवाज सुनकर थोड़ी देर में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। मैनपाट थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। जिस स्थल पर महिला गिरी हुई थी। वहां तक पहुंचने के लिए घूम कर जाया जा सकता है। किसी तरह लोग वहां पर पहुंचे। कठिन स्थल होने के कारण महिला को बाहर निकलने में आधे घंटे से अधिक का समय लगा।तत्काल महिला को कमलेश्वरपुर अस्पताल ले जाया गया। मैनपाट पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद चिकित्सकों ने महिला का एक पैर टूट जाने की जानकारी दी है। साथ ही कंधे के पास भी चोट है। महिला को हायर सेंटर रिफर किया गया है। घायल महिला के परिचित भी सूचना मिलने पर मैनपाट पहुंच गए थे। उनके रिश्तेदार अंबिकापुर और बैकुंठपुर में भी रहते हैं। इन दोनों मैनपाट में सैलानियों की भीड़ उमड़ रही है। खुशनुमा मौसम होने के कारण बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के अलावा पड़ोसी प्रति से भी सैलानी पहुंचने लगे हैं। मंगलवार को पूरे दिन रिमझिम फुहार के बीच यहां के हर पर्यटन स्थल पर सैलानियों की भीड़ देखी गई। पुलिस ने बताया कि महिला पति और बच्चे के साथ पहले रायपुर आई थी। वहां से किराए का वाहन लेकर मैनपाट पहुंचे थे। यहां से उन्हें सरगुजा और कोरिया जिले में रहने वाले अपने रिश्तेदारों के यहां भी जाना था। मैनपाट के कई पर्यटन स्थल असुरक्षित हैं। छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण सैलानियों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा उपाय को नजर अंदाज किया गया है। इन दिनों बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं इसलिए सुरक्षा संबंधी बोर्ड भी कई स्थानों पर लगाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। मैनपाट के पर्यटन स्थलों पर पूर्व के वर्षों में भी हादसे होते रहे हैं। टाइगर प्वाइंट से गिरने के कारण भी लोगों की मौत हो चुकी है।

## कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार 9 को

**रायपुर।** जला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी विभिन्न संविदा पदों के लिए कौशल परीक्षा/साक्षात्कार दिनांक 09 दिसम्बर दिन शनिवार को आयोजित की जायेगी। पात्र अभ्यर्थी कौशल परीक्षा/ साक्षात्कार का स्थान, समय एवं प्रवेश पत्र से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर की वेबसाईट का सतत् अवलोकन कर सकते है। सभी संविदा पदों के पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर की वेबसाईट में अपलोड कर दिया गया है।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 को

**रायपुर।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रति वर्ष भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में हमारे देश में 07 दिसम्बर को हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। इस परिप्रेक्ष्य में सचिव, राज्य सैनिक बोर्ड एवं संचालक सैनिक कल्याण, ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, व्ही. एस. एम (से.नि), द्वारा छत्तीसगढ के सभी नागरिक से अपील की गई है कि शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत् सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये अपनी सेना में विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों, वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं। झंडा दिवस की यह राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास, शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है।

## आठ लाख की लालच में गवां बैठा 96 हजार

**अंबिकापुर।** आठ लाख के इनाम के झांसे में आकर उदयपुर के ग्राम ललाती निवासी अमर साय 96 हजार रुपये की साइबर ठगी का शिकार हो गया।अमर साय की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी की है। अमर साय ने उदयपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बीते 29 नवंबर को वह फेसबुक देख रहा था। फेसबुक के माध्यम से मोबाइल नंबर पर पांच रुपये के नोट का फोटो खीचकर भेजने के सबंध में पोस्ट देखा।

उस मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर कुछ लालच दिया गया। अमर ने पांच के नोट का फोटो खीचकर भेजा तो उक्त मोबाइल धारक ने बताया उसके नाम से आठ लाख का इनाम निकला है।इनाम के लालच में अमर साय फंस गया। आरोपित द्वारा कुछ प्रक्रियाओं की जानकारी देकर एक बार कोड भेजा गया। उसमें बतौर प्रोसेसिंग शुल्क राशि मांगी गई। अमर साय समझ नहीं पाया कि वह जालसाजों के चक्कर मे फंस गया है। उसके बाद आरोपित ने अलग-अलग कारण और प्रक्रिया बताकर 29 व 30 नवंबर 2023 को अलग-अलग किश्त में 96 हजार 319 रूपये जमा करा लिए। पैसा भेजने के बाद बात करने पर आरोपित यह धमकी देने लगा कि 15 हजार और भेजने पर इनाम मिलेगा। तब अमर को समझ मे आया कि वह ठगी का शिकार हो गया है।

## व्यापारी पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी की पंडरी पुलिस ने एक व्यापारी पर जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जय हिन्द चौक के पास लोधीपारा रायपुर में बर्तन क दुकान चलाने वाले आदित्य वर्मा ने पण्डरी थाने में शिकायत की थी कि वह तथा उसका छोटा भाई अपने दुकान के बगल में खड़े थे इसी दौरान शाम करीबन 5.40 बजे पंडरी निवासी सम्मी एवं सुफ्यान दोपहिया वाहन में सवार होकर जयहिन्द चौक से लोधीपारा पंडरी की ओर जा रहे थे।

# करोड़ों के विकास कार्य, शिवपुर चरचा में पिछड़ी कांग्रेस

## भ्रष्टाचार व मनमानी की वजह से हुई पराजय

**चरचा कालरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के अंतर्गत कोरिया जिले की एकमात्र विधानसभा सीट बैकुंठपुर विधानसभा में काबिज कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती अंबिका सिंह देव को 25000 वोटो की अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा हार के इस आंकड़े में नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र से 1850 वोटो की हार का भी योगदान शामिल है नगर पालिका शिवपुर चर्चा में कांग्रेस की सत्ता है।

उनके नुमाइंदों का एक सूत्रीय नारा या तकिया कलाम कहे तो दीदी है तो मुमकिन है नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में मात्र डेढ़ वर्षो की अवधि में 22 करोड़ से भी अधिक राशि के विकास कार्यों की बात कांग्रेसी अध्यक्ष व पदाधिकारी के द्वारा कही जाती थी कांग्रेसी कार्यकर्ता स्थानीय विधायक को महिमा मंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे छोटे से क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि के विकास कार्यों का होना बेशक जनता को अच्छा लगना चाहिए किंतु चुनाव में स्थानीय जनता ने कांग्रेसियों के पैरों के नीचे से जमीन खिसका कर उन्हें आइना दिखा दिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजनाओं के बल पर जीत का सपना देखने वाले कांग्रेसी भौचक रह गए पालिका क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार व मनमानी के विरुद्ध नगर पालिका शिवपुर चर्चा की जनता ने कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध जमकर मतदान किया जिसके फलस्वरूप पालिका क्षेत्र के हर वार्ड में कांग्रेस बहुत पीछे रही चर्चा कालरी क्षेत्र के इतिहास में पहली बार कांग्रेस इतनी ज्यादा वोटो से पीछे रही विधायक प्रत्याशी अंबिका सिंह देव को यह गुमान था कि नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में उन्हें जबरदस्त मत मिलेंगे शिवपुर चर्चा के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष व वर्तमान में पालिका अध्यक्ष के बलबूते जीत का सेहरा बंधेगा किंतु चर्चा की जनता ने पूरी पोल खोल कर रख दी पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में भारतीय जनता पार्टी को 268 मतों की बढ़त मिली वही वार्ड क्रमांक 9 गटारी दफाई वार्ड से 223 मतों की बढ़त रही नगर पालिका शिवपुर चर्चा चुनाव के दौरान एक भाजपाई को कांग्रेस में शामिल कर एल्डरमैन बना दिया गया किंतु यह एल्डरमैन भी पूरी तरह नकारा साबित हुआ नगर पालिका शिवपुर चर्चा के वार्ड क्रमांक 7 में भाजपा को 217 वोटो की बढ़त मिली बीटीसी कॉलोनी टीना दफाई में भी भाजपा का बढ़त का क्रम जारी रहा यहां 241 वोटो की बढ़त मिली न्यू मार्केट नेपाल गेट स्थित वार्ड में भाजपा की बढ़त 239 वोटो की रही वहीं चेरहा पारा अवार्ड से 197 वोटो की बढ़त भाजपा को मिली पालिका के मस्जिद लाइन वार्ड से 42 फ वोट की बढ़त रही वहीं स्टाफ कॉलोनी से भी भाजपा 68 मतों से वोटो से आगे रही पालिका क्षेत्र अंतर्गत सुभाष नगर कॉलोनी के कांग्रेसी नेता भी हवा हवाई साबित हुए वार्ड क्रमांक 4 सुभाष नगर से 112 वोट व वार्ड क्रमांक 5 सुभाष नगर से 94 वोटो से भाजपा आगे रही विवेकानंद कॉलोनी में भी भाजपा को 49 वोटो की बढ़त मिली पालिका क्षेत्र के सर्वाधिक चर्चित मुस्लिम बाहुल्य इलाके वाले वार्ड क्रमांक 10 11 पोस्ट ऑफिस लाइन से कांग्रेस मात्र 13 वोटो से आगे रही जबकि मुस्लिम बाहुल्य वाले इस क्षेत्र से लोगों का यह मानना था कि कांग्रेस की बढ़त 200 से भी अधिक रहेगी किंतु कांग्रेसियों की सोच के विपरीत वार्ड वासियों ने भाजपा प्रत्याशी भैया लाल राजवाड़े के प्रति विश्वास करते हुए उन्हें अपेक्षा से अधिक वोट दिए इसी क्रम में कांग्रेस समर्थित पालिका अध्यक्ष व पूर्व ब्लाक अध्यक्ष के निवास वाले विवेकानंद कॉलोनी में भी कांग्रेसी वोटो की संख्या में काफी कमी आई नगर पालिका शिवपुर चर्चा के चुनाव के दौरान इस वार्ड से कांग्रेसियों को एक तरफ जीत मिली थी किंतु यह जीत को कांग्रेसी कायम नहीं रख सके जिसके फल स्वरुप विधानसभा चुनाव में जीत का आंकड़ा कम होकर मात्र 48 में सिमट गया विगत 15 वर्षों से कांग्रेसी पार्षद के कब्जे वाले वार्ड क्रमांक 6 पूर्वी नेपाल गेट में भी भाजपा को 89 वोटो की बढ़त मिली अभिभाजित नगर पालिका शिवपुर चर्चा के पूर्व वार्ड क्रमांक 16 में भाजपा ने एक तरफ बोर्ड बटोरा इस वार्ड से भाजपा को को एक 928 वोट मिले जबकि कांग्रेस को मात्र 48 को गोंडवाना गणतंत्र मंत्री को मात्र चार वोट मिले इस प्रकार 880 वोटो की बढ़त सिर्फ बांधपारा से हुई। गौरतलब है की नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में कांग्रेस के अध्यक्ष सहित 10 पार्षद व पांच एल्डरमैन है इसके अतिरिक्त कई वरिष्ठ नेता भी है विकास पुरुषों की इतनी भारी भरकम फौज होने के बावजूद पालिका क्षेत्र से कांग्रेस का हारना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व चिंतनीय है इसके विपरीत स्थानीय स्तर पर भाजपा के युवा नेता राजेश सिंह व मंडल अध्यक्ष अरुण जायसवाल की सक्रियता और सुनियोजित कार्यशैली भाजपा को जीत दिलाने में अहम भूमिका रही।



# बेकाबू कार खाई में गिरी,बचाया दंपत्ति को

**कोरबा। नेशनल हाईवे संख्या 130 पर पिछली रात हुए हादसे में एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में वाहन में फंसे दंपति को डायल 112 के जवानों ने सुरक्षित बचा लिया। हादसे के पीछे तकनीकी कारण को जिम्मेदार माना जा रहा है।**





अंबिकापुर मार्ग पर यह हादसा पिछली रात्रि 10:00 बजे के आसपास हुआ। बताया गया कि कार में सवार होकर एक नव दंपति अंबिकापुर से रायपुर जा रही थी। मोरगा लगभग 10 किलोमीटर आगे कोरबा मार्ग पर हसदेव नदी पुल की चढ़ाई पर वाहन एकाएक अनियंत्रित हो गया। इसके साथ ही वह लगभग 20 फिट नीचे खाई में जा गिरा। इसके परिणाम स्वरूप चालक ने किसी तरह खुद को बचाया जबकि भीतर बैठे पति पत्नी कार में फंस गए। नेशनल हाईवे से आवाजाहि करने वाले लोगों के द्वारा इस बारे में पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने इस सूचना को गंभीरता से लिया और तत्काल डायल 112 को मौके के लिए रवाना किया। सर्च लाइट और अन्य संसाधन के साथ मौके पर पुलिस की टीम ने अपनी पहुंच बनाई और कार में फंसे दंपति को बाहर निकाला। देवयोग से उन्हें किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। याद रहे इससे पहले कोरबा जिले की सीमा में नेशनल हाईवे 130बी पर आईडेंटिफाई किए गए कई ब्लैक स्पॉट को हटाने का काम एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के द्वारा किया गया है । इसके अलावा और भी कोई कोशिश की गई है ताकि दुर्घटनाएं कम हो।

## खुले में चल रही मांस दुकानों पर खतरा

कोरबा। छत्तीसगढ़ में सरकार परिवर्तन के साथ सरकारी अचानक से हरकत में आ गया है और तेज रफ्तार से बुराइयों को समाप्त करने को लेकर एक्शन मोड़ में है। राजधानी और आसपास के कुछ इलाकों में अवैध रूप से संचालित मांस की दुकानों पर की गई कार्रवाई के बाद इस इलाके में कारोबार करने वाला वर्ग चिंता में है। खौफ की वजह यह है कि नगर पालिका निगम के द्वारा अधिकृत रूप से इस तरह का कारोबार करने के लिए नगर में बुधवारी बाजार और मोती सागर पर क्षेत्र में स्लाटर हाउस को अनुमति दी गई है। इसके बावजूद कई इलाकों में अवैध रूप से मांस की दुकान रिहाईसी व सड़कों के किनारे चल रही है । जिसके चलते यहां से आवागमन करने वाले जन सामान्य को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार इसे लेकर आपत्तियां दर्ज कराई जाती रही हैं लेकिन किसी न किसी दबाव के कारण अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। महसूस किया गया की देर रात तक इस प्रकार की दुकान चलने से समस्या बढ़ रही हैं और अनहोनी की आशंका भी बनी हुई है। छत्तीसगढ़ में सत्ता का केंद्र बदलने के साथ अब अधिकारियों को समझ में आ गया है

# फसल रौंदने के बाद ग्रामीण के घर का चौखट तोड़ा लोनर ने

## कटघोरा वन मंडल में हाथियो का आतंक जारी



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान, एतमा नगर व केंदई रेंज में हाथियो का आतंक लगातार बना हुआ है। यहां के जंगलो में बड़ी संख्या में गजदल विचरण कर रहे है। इनमें से एक लोनर हाथी बीती रात पसान रेंज के सेमरहा गांव में उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के चौखट को क्षतिग्रस्त कर दिया। लोनर के उत्पात से पीड़ित ग्रामीण द्वारा शोर मचाए जाने पर गांव के अन्य लोग जागे और मसाल तथा टार्च जलाकर एवं बाजा बजाकर लोनर हाथी को खदेड़ा । ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर लोनर ने जंगल का रूख किया इससे पहले यह हाथी खेतो में पहुंच गया था। और वहां आधा दर्जन ग्रामीणों की धान व अरहर की फसल को तहस-नहस कर दिया ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा । और लोनर द्वारा रात में किए गए नुकसानी आकलन करने के साथ ही अपनी रिपोर्ट तैयार की। अमला द्वारा लोनर की निगरानी भी की जा रही है। बताया जाता है कि केंदई रेंज के सिरमिना सर्किल में एक लोनर सहित 7 अन्य हाथियो का दल विचरण कर रहा है। यह दल अभी शांत है। वहीं एतमा नगर रेंज के रिगनिया क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में हाथियो के विचरण से ग्रामणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग द्वारा हाथियो की लगातार निगरानी की जा रही है। इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बावजूद इसके हाथी खेतो व बस्ती में पहुंच नुकसान पहुंचा दे रहे है। जो चिता का विषय है।

## दबोचा गया कत्ता लहरा रहा दहशदगर्द युवक



**कोरबा।** शहर के इंदिरानगर दुरपा रोड में आये दिन मोहल्ले वालों एवं अपने मां-बाप को परेशान करने वाले तथा गत रात्रि धारदार हथियार कत्ता लहराते हुए दहशद गर्द नशेड़ी युवक को गत रात्रि शिकायतकर्ताओं के समूह के आवेदन पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिटी कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा।

मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत इंदिरा नगर दुरपा रोड निवासी युवक शशी मांझरे उम्र 29 पिता सुलसायी मांझरे घर में कोई काम नहीं करता था, गलत संगत के कारण वह नशे का आदी हो गया था, जिसके कारण नशे के लिए वह घर में आये दिन उधम मचाते रहते था। परिवार के सदस्यों द्वारा खर्चे नहीं देने पर उन्हें परेशान करता था। देखते ही देखते उसने अब पूरे मोहल्ले वालों को भी धमकी-चमकी देकर उनका भयादोहन करने लगा था। जिसके कारण उसके माता-पिता एवं इंदिरा नगर दुरपा रोड के ज्यादातर लोग उससे परेशान हो गए थे। लेकिन उसके झगड़ालू स्वभाव एवं नशे में आये दिन मारपीट किये जाने के भय से कोई उसकी शिकायत पुलिस थाने में नहीं कर पाता था।

बताया जाता है कि गत रात्रि उसने धारदार कत्ता हाथ में लहराते हुए पूरे इंदिरा नगर मोहल्ले में दहशत का ऐसा माहौल पैदा किया कि मोहल्ले वाले सहित उसके माता-पिता भी परेशान हो गए। कई एक लोग तो उसके भय से अपने घरों में दुबक गए। क्योंकि उन्हें डर था कि कब धारदार कत्ता से वह उनके या उनके बच्चों पर हमला बोल दे। अंततः विवश होकर उसके माता-पिता खुद मोहल्ले वालों को एकत्रित कर सिटी कोतवाली उन्हें लेकर पहुंचे। यहां एक साथ काफी मात्रा में इंदिरा नगर से पहुंचे। पुरूष महिलाओं एवं बच्चों को देखकर कोतवाली स्टाफ भी चौक गया। जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर थाने का कार्यवाहक प्रभारी बतौर काम संभाल रहे एएसआई अजय सिंह ठाकुर ने अपने हमराह एएसआई सेमसन मिंज, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, रामधन पटेल, सुनील राजपूत, तिरेन्द्र सोनी के साथ इंदिरा नगर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। आरोपी के विरूद्ध 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर उसे रिमांड पर कोरबा न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## चक्रवात ने उपार्जन केंद्रों में पैदा की मुश्किलें

**कोरबा।** सत्ता को लेकर छाये धुंध के साफ होने के बाद अब जब मौसम ने करवट ली है तब धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था का ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है जिससे किसान काफी चिंतित नजर आ रहे हैं । जिले के धान खरीदी केंद्रे में वैसे तो खरीदी का कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन शहर के नजदीकी धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था देखने को मिली है।

# लोमड़ी के काटने से ग्रामीण की हुई मौत



**कोरबा।** न केवल कुत्ते के काटने से बल्कि दूसरे जानवर हो गए हमले में घायल होने पर भी इंसानों को खतरे हो सकते हैं और उनकी मौत भी हो सकती है। लोमड़ी के काटने से घायल हुए एक व्यक्ति ने आखिरकार दम तोड़ दिया। उसका उपचार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में चल रहा था। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।कोरबा जिले के कटघोरा पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआपाली गांव से यह मामला जुड़ा हुआ है वहां के रहने वाले 64 वर्षीय घासीराम को कुछ दिन पहले लोमड़ी ने काट दिया था। सामान्य उपचार प्राप्त करने और स्थिति ठीक होने पर पीड़ित को घर भेज दिया गया था। इस बीच उसकी स्थिति खराब हो गई और वह उसे तरह की हरकतें करने लगा जैसा कि कुत्ते के काटने पर पीड़ित किया करते हैं। बताया गया कि यह लक्षण रेबीज जैसे थे। स्थिति को गंभीरता से लेने के साथ परिजनों ने मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे के आसपास पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां कुछ घंटे के बाद उसकी मौत हो गई। अस्पताल से प्रतिवेदन मिलने पर पुलिस के द्वारा मर्ग काम किया गया है। पोस्टमार्टम के साथ शव के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया की जा रही है।

## परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब अंबेडकर को याद किया गया



कोरबा। भाजपा अजा मोर्चा के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर याद किया गया। घंटाघर चौक में बाबा साहब की प्रतिमा पर मल्यार्पण करते हुए कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डा.राजीव सिंह,पूर्व महापौर जोगेश लांबा, अजय विश्वकर्मा, चंदन सिंह, कूलसिंह कंवर, सरजू अजय, मनोरमा शर्मा, सुमन सोनी, रमा मिरी, सुशील गर्ग, डा. जय लहरे, सुभाष राठौर, टिंकू रंजन, सुनील भटपहरे, कमलेश अनंत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भूटान में दम दिखाने को तैयार दीपक

**कोरबा।** इसी महीने के अंतिम सप्ताह में पड़ोसी देश भूटान में आयोजित होने जा रही इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कोरबा का दीपक कुमार हिस्सा लेगा। रेलवे स्टेशन कोरबा में यात्रियों का सामान ढोने का काम करने वाले दीपक ने भूटान में भागीदारी को लेकर राज्य सरकार और रेलवे के स्तर पर प्रयास जारी रखे हैं कि वहां से कुछ तो आर्थिक सहायता प्राप्त हो। इससे पहले दीपक ने नवंबर महीने में एक और इंटरनेशनल कंपटीशन में न केवल प्रदर्शन किया बल्कि विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया उसने तीन श्रेणियां में गोल्ड, सिल्वर और ब्रांच मेडल प्राप्त किया। दीपक ने बताया कि भूटान की कंपटीशन के लिए उसे जानकारी मिली है और उसके पास भागीदारी के लिए आमंत्रण भी पहुंचा है। वह चाहता है कि इंटरनेशनल में जाने के साथ अन्य तैयारी के लिए उसे संस्थान और सरकार के स्तर से सहायता राशि प्राप्त होना चाहिए।

## डिसेंट हाउसिंग के काम दूबारा कराए जाएंगे


**कोरबा ।** पिछले दिनों बीकेकेएमएस और मानिकपुर प्रबंधन के मध्य आइआर वार्ता हुई जिसमें बीकेकेएमएस ने डिसेंट हाउसिंग के तहत कराए गए काम के मामलो को जोरशोर से उठाया इनका कहना था कि आवासों में जो काम कराए गए है। वह पर्याप्त नही है काम कराने के बाद भी आवास की छतो से पानी टपक रहा है कोयला कामगारें को परेशानी हो रही है। अधिकारियों से निरीक्षण करवाकर सारे कार्यो को दूबारा कराया जाए । संगठन के बाद लगातार कई शिकायत आ रही है। इसके अलावा अन्य मुद्दो को भी जोर-शोर से उठाया गया। आईआर वार्ता में शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह नलीन पावर, मिनी लाल साहू, अशोक चंन्द्रा, नर्सिंग महंत, वेदराम कर्ष सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मृतावस्था में ग्रामीण लाया गया अस्पताल

**कोरबा।** जिले के उरगा थाना अंतर्गत ग्राम बगबुड़ा निवासी एक ग्रामीण को हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल गत रात्रि लाया गया। यहां उसे देखते ही अपातकालीन ड्यूटी में पदस्थ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बगबुड़ा निवासी गिरधारी उम्र 45 पिता लक्ष्मीनारायण की हालत बिगड़ने पर गत रात्रि उसके परिजन उसे लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के वार्ड ब्वाय अस्पताल चौकी पुलिस को इसकी जानकारी दे दी। अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत उसे पीएम के लिए आज सुबह चीरघर भिजवा दिया।

## रिटार्यर कोयला कर्मियों को तत्काल फंड दिलाने पर चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका परियोजना में कल जेसीसी और प्रबंधन के मध्य आईआर की वार्ता हुई जिसमें रिटार्यर कर्मचारियों को हो रही परेशानी के संबंध में बताया गया । और कहा गया कि रिटार्यर कामगारों को तत्काल फंड नही मिल पाता है। इसके लिए प्रबंधन को सही कदम उठाने की जरूरत है एचएमएस के तरूण राहा व गिरजा साहू ने भी कई मुद्दो को सामने रखा अन्य प्रतिनिधियों ने उत्पादन बढ़ाने पर अपने राय व्यक्त किए दीपका परियोजना को कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें यूनियन प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कोयला कामगारों को प्रोसहित करते है। बैठक में सजीव शर्मा ,अश्वनी मिश्रा,रमेश गुरूद्वान , धर्मलाल टंडन, सतीश सिंह ,मनोज सिंह ने भी अपने विचार रखे।




## 32 विद्यार्थियों को मिली एसईसीएल की प्रोत्साहन राशि



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों पर काम किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र को भी इसमें शामिल किया गया है। दीपिका के प्रगति नगर स्नेह मिलन केंद्र में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधन के द्वारा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल और सीबीएसई की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के 32 टॉपर्स का सम्मान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को 1.60 लाख की धनराशि और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

कोल इंडिया ने अपनी सभी कंपनियों में नीतिगत रूप से इस योजना पर काम करना शुरू किया है। वर्ष 2022-23 की बोर्ड परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम दीपिका क्षेत्र में किया गया। दीपिका क्षेत्र के महाप्रबंधक अमित सक्सेना, दीपिका परियोजना के महाप्रबंधक दिलीप बोबडे, एरिया पर्सनल ऑफिसर आरके शर्मा, जॉइंट कंसीडरिंग कमेटी के सभी सदस्य गण की उपस्थिति में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपिका क्षेत्र की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम से विद्यार्थियों को ?5000 प्रत्येक और प्रशस्ति पत्र दिया गया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में संक्षिप्त में अपनी बात रखते हुए इस क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक सक्सेना ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है और जीवन के सभी क्षेत्रों में यह अपनी भूमिका तय करती है। व्यक्ति को मान सम्मान दिलवाने में शिक्षा सबसे बड़ा कारक होती है इसलिए विद्यार्थियों को अपने जीवन की शुरुआती दौर में शिक्षा को अत्यंत गंभीरता से लेना चाहिए। अतीत में गुरुकुल और वर्तमान में विद्यालयों की व्यवस्था को लेकर भी बात रखी और कहां की गुरुजनों के द्वारा दिया जाने वाला मार्गदर्शन सभी के लिए एक प्रेरणा का माध्यम होता है इसलिए किसी भी कारण से ऐसे अवसरों से हमें वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी कंपनी उत्पादन के सांसद सामाजिक उत्तरदायित्व को लेकर काम कर रही है। विद्यार्थियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि भी इसी का एक आयाम है और हम अपनी तरफ से एक छोटी सी कोशिश विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। विद्यार्थियों को सम्मानित होते हुए देखने से अन्य विद्यार्थियों को अपना प्रदर्शन सुधारने में न केवल मदद मिलेगी बल्कि उनके भीतर भी एक प्रेरणा का संचार होगा। कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी राजेश गुरुद्वान के द्वारा किया गया










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com